
प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त- 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28



बरसाना में राधाष्टमी पर सतरंगी प्रकाश पुंज से झिलमिलाता श्रीजी मंदिर।

वर्ष-4 | अंक-205 | सांध्य दैनिक | मथुरा, शनिवार, 19 सितंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# लाडो जन्मी बरसाना में, बधाई से गूंजा भानु भवन



वृंदावन में पीले वस्त्र धारण किए गोस्वामियों ने उत्सव पर खूब आनंद मनाया।

## जन्म बेला पर नंदगांव के समाजियों ने छेड़ी बधाई, ढप की थाप पर झूमीं सखियां

## राधारानी के दर्शन को उमड़ा सैलाब, गलियों से मंदिर तक गूंजता रहा राधे-राधे

**यूनिक समय, बरसाना।** राधाष्टमी पर शनिवार की भोर बरसाना में राधारानी के प्राकट्य की मंगल बेला उल्लास के साथ मनाई गई। भानु भवन में जन्म की बधाई शुरू होते ही ढप की थाप और मंगल पदों से वातावरण भक्तिमय हो गया। नंदगांव से आए समाजियों के स्वर के साथ सखियां झूम उठीं और श्रद्धालुओं ने जय राधे के उद्घोष किए।

जन्मबेला के साथ ही राधारानी मंदिर की ओर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी। देश—दुनिया से पहुंचे भक्त हाथों में फूल—प्रसाद लिए दर्शन की प्रतीक्षा करते रहे। किसी के हाथ प्रार्थना में जुड़े थे तो कोई मंदिर की ओर टकटकी लगाए खड़ा था। कोई हाथ जोड़कर जन्मदिन की शुभकामना देता दिखा तो कोई 'हैप्पी बर्थ डे राधारानी' कहकर खुशी जताता नजर आया। जन्म की बधाई और जयकारों से बरसाना की गलियां गूंजती रहीं। मुख्य बाजार में भी जन्मोत्सव की रौनक दिखाई दी। पूजन सामग्री और प्रसाद की दुकानों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। बच्चों के हाथों में फूल और श्रद्धालुओं की पूजा की थालियां नजर आईं। परिक्रमा मार्ग पर नंगे पांव भक्त राधे—राधे का जाप करते हुए आगे बढ़ते रहे।

महिलाओं, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में समान रूप से उत्साह रहा। बधाई गीत, ढप की थाप और राधे नाम के जयकारों के बीच बरसाना की भोर भक्तिरस में सराबोर रही। राधारानी के प्राकट्य की खुशी में श्रद्धालु देर तक भक्ति में डूबे रहे। जन्मोत्सव का उल्लास भोर से देर रात तक बरसाना की गलियों, मुख्य बाजार और परिक्रमा मार्ग तक दिखाई दिया। नंगे पांव परिक्रमा कर रहे भक्त थकान भूलकर राधे नाम का जाप करते रहे।



बरसाना में राधारानी जन्मोत्सव पर पंचामृत अभिषेक करते सेवायत।

## कमल के फूल पर प्रकटीं राधा रानी

**यूनिक समय, बरसाना।** शनिवार भोर में चार बजे श्रीजी मंदिर में कमल के फूल पर राधारानी प्रकट हुईं, तो मंदिर जय श्रीराधे के जयकारों से गूंज उठा। सेवायतों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ढोल—नगाड़े बजाए। 25 किलो दूध, दही, घी, बूरा और शहद से राधारानी का अभिषेक किया गया। दोपहर में दधीकांधा हुआ, इसके बाद राधा रानी ने उल्लास- उमंग भरे माहौल के बीच सफेद छतरी पर विराजमान होकर श्रद्धालुओं को दर्शन दिए।

## प्रशासनिक व्यवस्थाएं दिखीं चौकस

**यूनिक समय, बरसाना।** राधा प्राकट्य पर बरसाना धाम में व्यवस्थाएं दुरस्त दिखीं। प्रशासनिक अधिकारी मेला कंट्रोल रूम से माहौल की जानकारी लेते रहे। यहां सुरक्षा को आठ अपर पुलिस अधीक्षक, 38 पुलिस उपाधीक्षक, 75 निरीक्षक, 320 उप निरीक्षक और 68 महिला उपनिरीक्षक के अलावा पीएसी की दो कंपनियां और पीएसी फ्लड की दो प्लाटून भी तैनात रहीं, जबकि छह वॉच टावर बनाए गए। तीन हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए 88 बैरियर और 14 बैरिकेडिंग प्वाइंट बनाए गए हैं। भारी वाहनों के रूट में डायवर्जन किया गया। यूपी रोडवेज की 160 विशेष बसें चलीं अस्थायी बस स्टैंड भी बनाया गया। 50 पार्किंग स्थल और 38 होल्डिंग एरिया बनाए हैं। सात स्थानों पर जूता घर की व्यवस्था की गई है, जबकि स्वास्थ्य विभाग ने 12 मेडिकल शिविर लगाए। आपात स्थिति को एंबुलेंस और बाइक एंबुलेंस मौजूद रहीं।



बरसाना में राधाष्टमी पर पद गायन करते गोस्वामी समाज के लोग।



## सखी रूप धारण कर बधाई देने पहुंची महिलाएं

**यूनिक समय, बरसाना।** शनिवार भोर में राधा रानी का जन्म होते ही मंगल बधाइयां शुरू हो गईं। विशेष श्रृंगार कर महिलाएं लाल रंग की साड़ी और सिर पर दुपट्टा रखे दिखीं, वह राधा जी की सखी का रूप धारण कर बधाई देने पहुंची हैं। इस दौरान इन महिलाओं के परिजन साथ रहे। युवक और युवतियों में सेल्फी का क्रेज नजर आया। राधा जन्म से पहले नंदगांव और बरसाना के गोस्वामियों ने बधाई के गीत गाए। बधाई गीत गाने के लिए दोनों गांव के लोग आमने सामने बैठे और बारी—बारी से भजन गाए गए।




# रावल में जन्मी लाडली जयकारों से गूंज उठा गांव


अष्टमी पर जन्मोत्सव के बाद श्रद्धालुओं को दर्शन देती लाडली राधारानी।


राधा जन्मोत्सव में शामिल होने को रावल आए श्रद्धालु।

## राधारानी के जन्मोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब

## रात से ही डेरा डालकर बैठे श्रद्धालु, गूंजे भक्ति गीत

**यूनिक समय, मथुरा।** राधारानी की जन्मभूमि रावल भक्ति के रंग में पूरी तरह रंग गई। जैसे ही राधारानी के जन्मोत्सव की खबर आई, पूरा गांव लाडली के जयकारों से गूंज उठा। शनिवार को मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। राधारानी के जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए हजारों श्रद्धालु रावल पहुंचे। काफी भक्त तो रात से ही मंदिर परिसर के आसपास डेरा डालकर सुबह होने का इंतजार करते रहे। राधारानी के जन्मोत्सव को लेकर रावल में चारों ओर उत्सव का माहौल दिखाई दिया। मंदिर में पहुंचते ही श्रद्धालु राधारानी के जयकारे लगाने लगे। भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर परिसर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दूर–दराज से आए भक्तों ने राधारानी के दर्शन कर पूजा–अर्चना की और परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की।

जन्मोत्सव की खुशी में मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। गांव की गलियों से लेकर मंदिर तक श्रद्धा और भक्ति का रंग दिखाई दिया। जगह–जगह श्रद्धालुओं के लिए भंडारे लगाए गए। स्थानीय लोगों ने भी बाहर से आने वाले भक्तों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी। भंडारों में प्रसाद पाने के लिए भी श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही।

राधारानी के जन्मोत्सव के चलते रावल में सुबह से ही चहल–पहल बनी रही। हर तरफ राधारानी के नाम की गूंज सुनाई देती रही। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई लाडली के जन्मोत्सव की खुशी में नजर आया। मंदिर के महंत सेवादार राहुल कल्ला ने बताया कि इस वर्ष भी राधारानी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर राधारानी के दर्शन किए। भक्तों की सेवा के लिए जगह–जगह भंडारे लगाए गए।

## अव्यवस्था के बीच राधारमण में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब


वृंदावन स्थित राधारमण मंदिर में दर्शन अव्यवस्था के बीच दर्शन को जाते श्रद्धालु।

### राधाष्टमी पर भारी भीड़ के बीच व्यवस्थाएं गायब, हर कोई दिखा परेशान

**यूनिक समय, वृंदावन।** राधाष्टमी पर शनिवार को राधा रमण मंदिर में आराध्य के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त पहुंचने लगे, देखते ही देखते मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में भारी भीड़ जमा हो गई। दूर-दराज से आए श्रद्धालु भगवान राधा रमण के दर्शन के लिए घंटों इंतजार करते नजर आए। भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने के बावजूद व्यवस्थाएं पर्याप्त नजर नहीं आईं। भीड़ को नियंत्रित करने, कतारों को व्यवस्थित रखने और श्रद्धालुओं के आवागमन को सुचारू बनाए रखने के इंतजामों की कमी दिखाई दी। भीड़ के बीच कई श्रद्धालु अपने परिवार और बच्चों को संभालते नजर आए। श्रद्धालुओं का कहना था कि पर्व को देखते हुए पहले से ही व्यापक व्यवस्थाएं की जानी चाहिए थीं। श्रद्धालुओं का कहना था कि भीड़ को देखते हुए प्रवेश और निकास व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं, जिससे बिना परेशानी भगवान के दर्शन हो सकें।

## बैंक से बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, गोवर्धन।** थाना क्षेत्र में बैंक के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। कस्बा निवासी प्रवेश ने पुलिस को बताया कि वह 22 जुलाई को दोपहर करीब 12:30 बजे बैंक में पैसे निकालने गया था।

मोटरसाइकिल बैंक के बाहर खड़ी करके वह अंदर चला गया। बाहर आया तो मोटरसाइकिल नहीं मिली। मोटरसाइकिल की डिग्गी में उसका मोबाइल भी रखा था।

## जयकारों के बीच पुलिस ने संभाली सुरक्षा की कमान

### रावल में उमड़ी भीड़ को लेकर चप्पे–चप्पे पर पुलिस तैनात, मंदिर से प्रमुख मार्गों तक रही निगरानी


**यूनिक समय, मथुरा।** राधारानी के जन्मोत्सव के दौरान उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। हजारों भक्तों के रावल पहुंचने के कारण सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की कमान पुलिस ने संभाल रखी थी। मंदिर परिसर से लेकर गांव के प्रमुख मार्गों तक पुलिसकर्मी तैनात रहे।

रात से ही शुरू हुई श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने लगातार निगरानी बनाए रखी। मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कराया गया। भीड़ बढ़ने पर पुलिसकर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से मंदिर तक पहुंचाया और दर्शन के बाद बाहर निकलने की व्यवस्था कराई। मंदिर के आसपास भीड़ एकत्र न हो, इसके लिए पुलिस लगातार सक्रिय रही। रावल के मार्गों पर यातायात व्यवस्था को भी संभाला गया। जन्मोत्सव के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।


रावल में जाम से राहत दिलाने को मोर्चा संभाले पुलिसकर्मी।

## चेन झपटकर फरार हुआ बाइक सवार

**यूनिक समय, गोवर्धन।** सुबह पैदल जा रहे एक व्यक्ति के गले से सोने की चेन झपटने का मामला सामने आया है। पीड़ित रितेश कुमार निवासी नीलकंठ रेजीडेंसी कोतवाली देहात बुलंदशहर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 सितंबर की सुबह करीब सात बजे वह कुसुम सरोवर से गोवर्धन की ओर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान अग्रवाल टी प्वाइंट से करीब 50 मीटर आगे पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार एक अज्ञात व्यक्ति आया। आरोप है कि बाइक सवार ने उनके कंधे पर हाथ रखा और गले से सोने की चेन झपटकर मौके से फरार हो गया।









# अज्ञात वाहन की टक्कर से टेंपो पलटा, महिला की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** छाता कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह अकबरपुर पुल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से सवारियों से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि टेंपो के पलटते ही यात्रियों में चीख–पुकार मच गई। दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 13 यात्री घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही छाता थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से टेंपो में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और सभी घायलों को केडी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। चिकित्सकों ने पांच घायलों की हालत को देखते हुए उन्हें संयुक्त चिकित्सालय वृंदावन के लिए



भेज दिया, अन्य घायलों का उपचार जारी है।

हादसे में रागिनी निवासी सोम आश्रम वृंदावन की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, दुर्घटना के बाद

### अकबरपुर पुल के पास हादसे में मची चीख पुकार, 13 यात्री घायल

### केडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराए गए घायल पांच को वृंदावन भेजा

टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

घायलों में सोनम तिवारी निवासी नायबपुर थाना ठठिया कन्नौज, अनु अग्निहोत्री निवासी ठठिया कन्नौज, अंजलि तिवारी निवासी रसूलपुर थाना गुरसहायगंज कन्नौज, गौरीशंकर निवासी सोम आश्रम संत कॉलोनी वृंदावन, मनीष निवासी मुजहाना थाना बिनावर बदायूं, रिद्धि निवासी सोम आश्रम वृंदावन, विक्की निवासी फाड़ा थाना सब्जी मंडी रोहतक, जानू उर्फ ख्वाहिश निवासी रोहतक हरियाणा, गिरीश निवासी चुटमुरी थाना दातागंज बदायूं, बबीता निवासी समरेर थाना दातागंज बदायूं, ईशवरवती निवासी समरेर थाना दातागंज बदायूं, लोकेश निवासी समरेर थाना दातागंज बदायूं और सक्षम निवासी रोहतक शामिल हैं। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।




# नवनिर्वाचित प्रबंध समिति ने संभाला पदभार



बृजचिकित्सा संस्थान नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में कार्यभार संभालते पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** बृज चिकित्सा संस्थान नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज दरेसी रोड परिसर में आयोजित समारोह में नवनिर्वाचित प्रबंध समिति ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। समारोह में राजेंद्र कुमार अग्रवाल (हाथी वाले) ने निदेशक और राजीव अग्रवाल एडवोकेट (अंगूठी वाले) ने उपनिदेशक पद की जिम्मेदारी संभाली।

कार्यक्रम श्री अग्रवाल शिक्षा मंडल के अध्यक्ष रजनीकांत अग्रवाल चौकसी और मंत्री मनोज बंसल की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस दौरान संस्थान के पूर्व निदेशक गौरशरण अग्रवाल गौरी, अध्यक्ष मट्टूमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल (जुगसना वाले), मंत्री अपूर्व अग्रवाल, उपमंत्री उमेश अग्रवाल (गुडेरा वाले), कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल और नर्सिंग कॉलेज

### राजेंद्र अग्रवाल बने निदेशक राजीव अग्रवाल एडवोकेट ने उपनिदेशक की जिम्मेदारी संभाली

के प्राचार्य के.वी. प्रशांत बाबू समेत संस्थान का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

नवीन प्रबंध समिति ने संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाओं का विस्तार और उनके सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। समारोह में संस्थान के विकास और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

# ड्यूटी के दौरान कर्मचारी को हुई खून की उल्टी, मौत



राजू की मृत्यु होने की जानकारी के बाद फैक्ट्री पर मौजूद गांव के लोग।

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन रोड स्थित बीएल एंड कंपनी, त्रिवेणी कॉम्प्लेक्स में डयूटी करने पहुंचे कर्मचारी की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे चार बच्चों को छोड़ गया है।

जानकारी के अनुसार, खामिनी निवासी राजू रोजाना की तरह शनिवार को कंपनी में ड्यूटी करने के लिए आया था। दोपहर के करीब अचानक उसे खून की उल्टी होने लगी। यह देखकर कंपनी में मौजूद लोगों में अफरा–तफरी मच गई। कंपनी स्वामी राजू को आनन–फानन में उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां

### निजी अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम, परिवार में मचा कोहराम

चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजू की मौत की खबर मिलते ही गांव के लोग कंपनी परिसर में पहुंच गए। परिजनों और ग्रामीणों ने घटना को लेकर कंपनी स्वामी से बातचीत की।

बताया गया कि इस दौरान आपसी लेन-देन को लेकर भी बातचीत हुई। परिजनों के अनुसार, राजू के चार बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटियां और एक बेटा है। एक बेटी की शादी हो चुकी है।

# व्हाट्सएप पर एपीके फाइल खोलते ही खाते से 1.31 लाख साफ

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली थाना क्षेत्र में व्हाट्सएप पर आई एपीके फाइल खोलना युवक को भारी पड़ गया। साइबर ठगों ने उसके बैंक खाते से 1,31,800 रुपये निकाल लिए। मामले में पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कृष्णानगर निवासी नीरज सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 सितंबर को दोपहर करीब 3:45 बजे उनके व्हाट्सएप पर एपीके आरटीओ फाइल आई थी। उन्होंने फाइल को खोल दिया। इसके कुछ समय बाद मंडी चौराहा स्थित यूनियन बैंक के खाते से 1,31,800 रुपये निकल गए। खाते से रकम निकाले जाने की जानकारी

### यूनियन बैंक खाते से निकली रकम, पीड़ित ने 1930 पर दी सूचना

### कोतवाली पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

मिलते ही नीरज ने तत्काल साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दी। साथ ही बैंक को मामले से अवगत कराया और कृष्णानगर पुलिस चौकी में शिकायत की। पीड़ित ने रकम वापस कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस डिजिटल साक्ष्यों और बैंक लेनदेन की जांच कर रही है।

# राजकीय आईटीआई में 21 सितंबर को लगेगा रोजगार मेला

**यूनिक समय, मथुरा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य संजीव कुमार पाल ने बताया कि वृंदावन रोड स्थित संस्थान परिसर में 21 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में वर्ष 2023 से लेकर 2026 तक आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी और रोजगार की तलाश कर रहे इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों और स्वप्रमाणित फोटो के साथ 21 सितंबर को सुबह 10 बजे राजकीय आईटीआई परिसर में उपस्थित हों।

# मारपीट में युवक घायल, छह लोगों के खिलाफ मुकदमा

**यूनिक समय, वृंदावन।** जैंत जा रहे एक युवक के साथ रास्ते में मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में शकील ने थाना जैत में शिकायत दर्ज कराई है।

शकील के अनुसार, नौ सितंबर की शाम करीब साढ़े चार बजे उनका पुत्र कालिम अपने मित्र सैफ के साथ मोटरसाइकिल से वृंदावन से जैत की ओर जा रहा था। इसी दौरान राधाकृष्ण रेस्टोरेंट के सामने एक दुकान पर मोटरसाइकिल रोकने के बाद पहले से मौजूद करन ने कालिम को रोक लिया और उसके साथ कहासुनी करने लगा। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर करन ने लोहे के टालिवर से कालिम पर हमला कर दिया। उसके बाद सैफ ने बीच–बचाव का प्रयास किया तो अर्जुन ने भी लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। इस दौरान मौके पर मौजूद संजीता, सोनी और ज्योति ने भी कथित रूप से कालिम और उसके साथी के साथ मारपीट की। घटना में दोनों युवकों को चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने बीच–बचाव किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। मामले में करन, अर्जुन, सोनी, संजीता, ज्योति और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



# वृंदावन में श्रद्धा के साथ मनाया गया स्वामी हरिदास का प्राकट्योत्सव


निधिवन राज मंदिर में स्वामी हरिदास के श्रीविग्रह का महाभिषेक करते गोस्वामी।


स्वामी हरिदास का महाभिषेक करते आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी राधा प्रसाद देव जू आदि।

**यूनिक समय, वृंदावन।** शनिवार को संगीत सम्राट और भगवान बांके बिहारी के प्राकट्यकर्ता स्वामी हरिदास का प्राकट्योत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर निधिवन राज मंदिर में स्वामी हरिदास के श्रीविग्रह का दूध, दही, घी, शहद, शर्कर और बूरा से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाभिषेक किया गया। महाभिषेक के दर्शन के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे। सेवायत मयंक गोस्वामी मिंटू और रघु गोस्वामी के सान्निध्य में महाभिषेक हुआ। इस दौरान भक्तों ने बधाई के पदों का गायन किया। मंदिर परिसर भगवान बांके बिहारी और स्वामी हरिदास के जयकारों से गूंजता रहा। प्राकट्योत्सव के लिए निधिवन राज मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। समाधि स्थल के बाहर देशी–विदेशी फूलों से सजावट की गई, जबकि मंदिर के अंदर सफेद मोतियों से श्रृंगार किया गया। वहीं, टटिया स्थान पर सुबह चंदन अभिषेक के बाद मंगला आरती हुई। इसके दर्शन के लिए भक्त तड़के करीब तीन बजे से ही पहुंचने लगे थे। संतों ने समाज गायन कर स्वामी हरिदास को बधाई दी। पूरे उत्सव में मंदिर की परंपराओं और मर्यादाओं का विशेष ध्यान रखा गया।

## स्वामी हरिदास का महाभिषेक छप्पन भोग के हुए दर्शन

### वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति संगीत से गूंजा राधा प्रसाद धाम, संत महंतों का हुआ सम्मान


**यूनिक समय, वृंदावन।** पंचकोसीय परिक्रमा मार्ग स्थित राधा प्रसाद धाम में आयोजित स्वामी हरिदास के सप्त दिवसीय 546वें आविर्भाव महोत्सव का शनिवार को भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन स्वामी हरिदास का विधि–विधानपूर्वक महाभिषेक किया गया। इसके बाद ठाकुरजी को छप्पन भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को भव्य दर्शन कराए गए।

महाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति संगीत से गूंजता रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर स्वामी हरिदास के चरणों में श्रद्धा अर्पित की। छप्पन भोग के दर्शन के लिए भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

महंत मोहिनी बिहारी शरण ने कहा कि पूज्य गुरुदेव- हरिदासीय संप्रदाय के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी राधा प्रसाद देव जू के सानिध्य में आविर्भाव महोत्सव प्रतिवर्ष श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। स्वामी हरिदास ने साधना, भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक चिंतन के माध्यम से वृंदावन की भक्ति परंपरा को समृद्ध किया।

समापन अवसर पर राधा प्रसाद धाम परिवार की ओर से संत–महंतों का स्वागत और सम्मान किया गया। संतों के लिए विशेष प्रसाद की व्यवस्था रही। महाभिषेक, छप्पन भोग, संत सम्मान और प्रसाद वितरण के साथ सात दिवसीय महोत्सव संपन्न हुआ।




## पति के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज, तलाश में जुटी पुलिस

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राधे एन्क्लेव फेज- दो महोली निवासी मीनाक्षी तौमर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति प्रमोद तौमर 16 सितंबर की सुबह करीब 8:20 बजे घर से सामान लेने के लिए निकले थे। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटे। काफी समय तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। महिला के अनुसार उन्होंने रिश्तेदारों, पति के मित्रों, परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों से भी संपर्क किया, लेकिन प्रमोद तौमर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। उनका मोबाइल फोन भी घर पर ही चार्जिंग में लगा मिला।

## बिहारी जी ने भक्तों को राधा रूप में दिए दर्शन

**यूनिक समय, वृंदावन।** राधाष्टमी पर शनिवार को बिहारी जी ने राधा रानी के रूप में भक्तों को दर्शन दिए। अलौकिक दिव्य रुप के दर्शन के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। राधाष्टमी पर बिहारी जी का विशेष श्रृंगार कर उन्हें राधा रानी के रूप में सजाया गया। भगवान के इस मनोहारी स्वरूप के दर्शन के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे। मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ बढ़ती गई और वातावरण राधे–राधे के जयकारों से गूंज उठा। बिहारी जी के राधा रूप के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। भक्तों ने कतार में लगकर अपने आराध्य के इस दिव्य स्वरूप के दर्शन किए। राधाष्टमी पर बिहारी जी का यह विशेष रूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।


शनिवार को राधाष्टमी पर राधा रुप में दर्शन देते ठाकुर बिहारी जी।

## केली कुंज पहुंचे संत प्रेमानंद, उमड़ा भक्तों का सैलाब

**यूनिक समय, वृंदावन।** राधा अष्टमी पर संत प्रेमानंद ने रमनरेती स्थित केली कुंज आश्रम पहुंचकर लाडली का उत्सव मनाया। संत के पहुंचने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु आश्रम के आसपास जुट गए। सुबह करीब चार बजे तक परिक्रमा मार्ग पर लगभग एक किलोमीटर तक भक्तों की भीड़ दिखाई दी। संत प्रेमानंद वेलवन स्थित यमुना बिहार कुंज आश्रम से रवाना हुए और गाड़ी से कालीदह तक पहुंचे। इसके बाद भक्तों की भारी भीड़ और उनकी भावनाओं को देखते हुए उन्होंने वाहन छोड़ दिया और पैदल ही केली कुंज आश्रम की ओर बढ़े। रास्तेभर श्रद्धालु 'राधे–राधे' के जयकारे लगाते हुए उन्हें लाडली जी के प्राकट्य उत्सव की बधाई देते रहे। राधाष्टमी पर केली कुंज में विराजमान राधारानी का विशेष श्रृंगार किया गया। आश्रम को फूलों से सजाया गया था। मंगला आरती के दौरान उन्हें लाल पोशाक और पीले दुपट्टे में सजाया गया, जबकि अन्य अवसरों पर गुलाबी और सफेद पोशाक में उनके दर्शन हुए। आश्रम पहुंचकर संत प्रेमानंद ने राधारानी की सेवा की और राधा नाम कीर्तन में शामिल हुए। उन्होंने काफी देर तक राधा नाम का जाप किया और बाद में राधारानी की परिक्रमा भी की। इस दौरान पूरा आश्रम 'राधा नाम' के जयकारों से गूंजता रहा।



केली कुंज में राधारानी का पूजन करते संत प्रेमानंद।

## श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर मची राधाजी के जन्म की धूम

**यूनिक समय, मथुरा।** भाद्रपद शुक्ल अष्टमी को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर श्रीराधाष्टमी महोत्सव पौराणिक मान्यताओं और शास्त्रीय मर्यादाओं के अनुरूप धूमधाम से मनाया गया। मंदिर परिसर घंटा–घड़ियाल, ढोल, नगाड़े और मजीरों की मंगल ध्वनि से गूंज उठा।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा–संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा ने बताया कि सुबह नौ बजे राधा स्वरूप में विराजमान भगवान केशवदेव का विधि–विधान से पंचामृत अभिषेक किया गया। राधा स्वरूप में भगवान श्रीकेशवदेव के दर्शन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।


राधास्वरुप में भगवान केशवदेव का अभिषेक करते संस्थान के सचिव कपिल शर्मा, सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी आदि।

### रावल–बरसाने का भाव हुआ प्रकट, पंचामृत अभिषेक और बधाई गायन से गूंजा मंदिर परिसर

मंदिर प्रांगण में बधाई गायन के बीच श्रद्धालुओं को फल, मिष्ठान, वस्त्र, खिलौने और पुष्प–मालाएं बधाई स्वरूप वितरित की गईं। श्रीकिशोरी जी के स्वरूप, श्रद्धालुओं के भाव, नृत्य और गायन से ऐसा वातावरण बना, मानो श्रीबरसाना और श्रीरावल धाम श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर ही साकार हो उठे हों। श्रीराधाष्टमी के अवसर पर संस्थान की ओर से विशाल प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह आठ बजे से संत, वैष्णव और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में राजीव गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

जन्माभिषेक और पूजा–सेवा व्यवस्था में संस्थान सदस्य डॉ. रोशन लाल, पूजाचार्य विंध्येश्वरी प्रसाद अवस्थी, ब्रह्मानंद मिश्र, सनातन पंडा, पंकज अग्रवाल, श्रीकृष्ण संकीर्तन मंडल के गौरव अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

यूनिक समय
स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।
**कार्यालयः**– यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।
संपादक–पवन गौतम
फोन नंबर–0565–3550761
मो. 9837155888
E-mail : uniquesamaynews@gmail.com
website : uniquesamay.com
RNI-UPHIN/2023/85053
DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28
सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

# सरकारी अस्पताल की मशीन ठप, मरीजों की जेब पर पड़ा बोझ

**यूनिक समय, मथुरा।** महिला जिला अस्पताल में निशुल्क जांच की उम्मीद लेकर पहुंचने वाले मरीजों को शुक्रवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल की पैथोलॉजी मशीन खराब होने के कारण खून समेत अन्य जांच नहीं हो सकीं। शनिवार सुबह करीब 11 बजे मशीन ठीक होने के बाद जांच शुरू हुई। इस दौरान जांच के लिए पहुंचे मरीजों और तीमारदारों को मजबूरी में निजी पैथोलॉजी केंद्रों का रुख करना पड़ा। इससे निशुल्क इलाज की उम्मीद लेकर आए मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा।

महिला जिला अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे उपचार के लिए पहुंचते हैं। डॉक्टरों की ओर से खून और अन्य जांच लिखे जाने के बाद मरीज सरकारी पैथोलॉजी पर निर्भर रहते हैं। मशीन खराब होने पर उन्हें बाहर जांच करानी पड़ती है। शनिवार को मशीन ठीक होने के बाद राहत मिली, लेकिन दोपहर दो बजे के बाद पैथोलॉजी बंद होने की व्यवस्था से मरीजों की परेशानी बनी रही।

अस्पताल में उपचार कराने आईं हेमलता ने बताया कि शुक्रवार को डॉक्टर ने खून की जांच लिखी थी, लेकिन मशीन खराब होने के कारण जांच नहीं हो सकी। उन्हें निजी केंद्र पर जांच करानी पड़ी। मोनिका ने कहा कि सरकारी अस्पताल में मशीन खराब होने का खामियाजा मरीजों

### शुक्रवार से शनिवार सुबह तक बंद रही पैथोलॉजी मशीन

### दोपहर दो बजे बाद जांच बंद होने से इमरजेंसी मरीज भी हुए परेशान

को भुगतना पड़ता है।

फरजाना ने बताया कि बच्चे की जांच जरूरी थी। मशीन खराब होने से निजी केंद्र पर जांच करानी पड़ी, जिससे इलाज का खर्च बढ़ गया। रामा देवी ने कहा कि दोपहर बाद किसी मरीज की तबीयत बिगड़ने पर खून की जांच की जरूरत पड़े तो अस्पताल में सुविधा उपलब्ध नहीं रहती।

महिला जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अनिल कुमार पुरवानी ने बताया कि मशीन खराब होने की सूचना शक्रवार को ही संबंधित कंपनी को दे दी गई थी। शनिवार को मशीन ठीक कर दी गई। उन्होंने बताया कि मशीन खराब होने की स्थिति में मरीजों को जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा जाता है। पैथोलॉजी दोपहर दो बजे तक संचालित होती है। 24 घंटे जांच के लिए पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध नहीं है। स्टाफ पूरा होने पर तीन शिफ्ट में पैथोलॉजी संचालित की जा सकती है।




# धौरेरा गोचर भूमि में जायंट्स ग्रुप ने की गौ सेवा


धौरेरा गोचर भूमि में गौ सेवा करते जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा मेन के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स सेवा सप्ताह के तहत जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा मेन ने 19 सितंबर को हासानंद गोचर भूमि, धौरेरा, वृंदावन रोड पर गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य संयोजक एवं जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन के सेंट्रल कमेटी सदस्य राजेश बजाज रहे। सदस्यों ने गौ सेवा कर सेवा, करुणा और मानवता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में एस.पी. चतुर्वेदी, मुकेश अग्रवाल, राजेश बजाज, मोहन बाबू आर्य, जुगल किशोर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, देवेंद्र कुशवाहा, राजीव अग्रवाल, प्रदीप खंडेलवाल, राजीव अरोड़ा, डॉ. विकास दुबे, शंकर अग्रवाल, सुशील उपाध्याय, जितेंद्र उदई, मीरा अग्रवाल, निधि अग्रवाल, रिचा

### राजेश बजाज रहे मुख्य संयोजक, पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में सदस्य रहे मौजूद

बजाज, माधुरी चतुर्वेदी, रजनी तायल, आशा अग्रवाल, सर्वेश यादव, सरिता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, संगीता अरोड़ा और संगीता अग्रवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। ग्रुप अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल, सचिव रितेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष राजेश यादव ने मुख्य संयोजक राजेश बजाज समेत सभी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सेवा सप्ताह के तहत समाजहित में विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे हैं।

# जिला कांग्रेस कार्यालय पर कुंवर निषाद का किया स्वागत


पार्टी कार्यालय सेठ बाड़ा पर कुंवर निषाद का स्वागत करते जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर और पदाधिकारी

**यूनिक समय, मथुरा।** सेठ बाड़ा स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के नवनियुक्त चेयरमैन कुंवर सिंह निषाद के प्रथम बार जनपद आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल–मालाएं और साफा पहनाया और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि निषाद के मीडिया-पब्लिसिटी विभाग का चेयरमैन बनने से प्रदेश में कांग्रेस की आवाज को और मजबूती मिलेगी। कुंवर सिंह ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

कार्यक्रम में मनोज गौड़,विक्रम वाल्मीकि, कीर्ति कौशिक, अर्पित जादौन, विपुल पाठक, महेश चौबे, धर्मेंद्र सिंह प्रधान, अमित दीक्षित, अरनब चौधरी, रूपा लवानिया,करण निषाद, निशू यादव, राजेश सारस्वत, दिलशाद खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगर निगम परिसर में मारपीट और रास्ता रोकने का आरोप

**यूनिक समय, वृंदावन।** नगर निगम परिसर में एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर सिर में चोट पहुंचाने और रास्ता रोकने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार मनीपाड़ा निवासी मेघश्याम गौतम ने आरोप लगाया कि 16 जून को दोपहर करीब 1:30 बजे वह अपने करीब 80 वर्षीय चाचा पंडित यशोदानंदन गौतम के साथ नगर निगम परिसर से लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से कन्हैया लाल गौतम निवासी कोयला वाली गली होली गेट, मथुरा उनके पास आया और गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। शिकायत के मुताबिक, अचानक कन्हैया लाल ने पीछे से धातु नुमा वस्तु से मेघश्याम गौतम के सिर पर वार कर दिया। बचाव का प्रयास करने के बावजूद उनके सिर में चोट लग गई। घटना के समय आरोपी के साथ दो अन्य व्यक्ति भी मौजूद बताए गए हैं।

## दवा लेने गए नाबालिग बेटे से संपर्क बंद

**यूनिक समय, वृंदावन।** थाना क्षेत्र में दवा लेने अस्पताल गए 16 वर्षीय किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। पिता धर्मवीर कुमार ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, धर्मवीर कुमार उन्होंने बताया कि उनका 16 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार 13 सितंबर को कृपालु चिकित्सालय में दवा लेने गया था। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया और उससे संपर्क नहीं हो सका। उिन्होंने बेटे के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन किसी अन्य व्यक्ति ने उठाया।

# बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज में डिबेट और टेक हंट प्रतियोगिता


विजेता छात्र–छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते चेयरमैन ई. नितिन मित्तल और अन्य अतिथि।

**यूनिक समय, मथुरा।** बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग एवं द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), आगरा लोकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में डिबेट और टेक हंट प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का विषय 'सतत एवं तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर भारत के लिए उत्कृष्ट इंजीनियरिंग' रहा।

डिबेट में विद्यार्थियों ने समसामयिक तकनीकी, इंजीनियरिंग विषयों पर विचार रखे, जबकि टेक हंट में तकनीकी समझ, त्वरित निर्णय क्षमता और नवाचार कौशल का प्रदर्शन किया। दोनों प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

चेयरमैन ई. नितिन मित्तल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम तकनीकी ज्ञान के साथ संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता और

### विद्यार्थियों ने तकनीकी ज्ञान, त्वरित निर्णय और नवाचार कौशल दिखाया

### चेयरमैन ई. नितिन मित्तल ने विजेताओं को किया सम्मानित

तार्किक सोच विकसित करने में सहायक हैं। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। वाइस चेयरमैन विशाल बंसल ने आयोजन के लिए विभाग की सराहना की। कार्यक्रम में निदेशक प्रो. श्याम सुंदर अग्रवाल, डीन प्रो. लोकेन्द्र शर्मा, एडमिनिस्ट्रेटिव एडवाइजर भगवान सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार गोविंद गर्ग, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स आगरा सेंटर अध्यक्ष रजनीश यादव, ईसीई विभागाध्यक्ष रंजीत सिंह, सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण और छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**यूनिक समय, मथुरा।** महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव कार्यालय का उद्घाटन भूतेश्वर रोड स्थित मुकुंद धाम में अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, समाज सेवी जयंती प्रसाद अग्रवाल ने किया। मुख्य मीडिया प्रभारी सचिन घी वाले ने बताया कि अग्रवाल समाज महाराजा अग्रसेन के बताए रास्ते पर चलकर समाज की सेवा और विकास में लगातार योगदान दे रहा है।

मुख्य जयंती संयोजक किशोर मित्तल ने सभी अग्रबंधुओं से मेले और अन्य कार्यक्रमों में बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बार आयोजन की कई जिम्मेदारियां युवाओं को दी गई हैं। युवाओं के


अग्रेसन जयंती महोत्सव कार्यालय का उद्घाटन करते अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, साथ हैं महोत्सव समिति के पदाधिकारी।

उत्साह से इस बार शोभायात्रा और मेला यादगार बनाया जाएगा।

अध्यक्ष अशोक बंसल और प्रधानमंत्री सुभाष अग्रवाल सिक्का ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों में काफी उत्साह है।

कार्यक्रम में मेला संयोजक अंकित बंसल, गोवर्धन दास, नीनू मुकुट, अनिल नौहझील,रोहित अग्रवाल,मनोज अग्रवाल,प्रवीण सर्राफ, हरिओम अग्रवाल मांट वाले, कृष्ण मुरारी सर्राफ,आशा अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, शशि अग्रवाल, महावीर मित्तल, योगेश बंसल कागजी, राजकुमार अग्रवाल रद्दी, संदीप अड्की, शिवकुमार अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, विभोर अग्रवाल, तुषार हाथी, प्रमोद गुप्ता, मनीष गर्ग, सौरव मित्तल, राजेंद्र मित्तल, नीरज अग्रवाल, मनीष टोंटी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन राजेंद्र प्रसाद हाथी वाले ने किया।

# स्कूल से लगातार गायब शिक्षक निलंबित, जांच में खुली लापरवाही

**यूनिक समय, मथुरा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बैकुंठपुर में तैनात सहायक अध्यापक नेम सिंह को लगातार विद्यालय से अनुपस्थित रहने और शिक्षण कार्य में लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। बीएसए रतन कीर्ति ने खंड शिक्षा अधिकारी की जांच आख्या के आधार पर कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में शिक्षक को उच्च प्राथमिक विद्यालय रायपुर, नौहझील से संबद्ध किया गया है।

खंड शिक्षा अधिकारी नौहझील की ओर से 14 सितंबर को भेजी गई जांच आख्या के अनुसार 11 सितंबर को दोपहर 12 बजे विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अन्य शिक्षक और शिक्षामित्र उपस्थित मिले, जबकि नेम सिंह आठ सितंबर से लगातार अनुपस्थित पाए गए। उपस्थिति पंजिका की जांच में भी उनकी गैरहाजिरी दर्ज मिली। जांच के अनुसार मई में नेम सिंह सात दिन,

### मई, जुलाई और अगस्त में कई दिन रहे अनुपस्थित, शिक्षण कार्य में रुचि न लेने की भी हुई पुष्टि

जुलाई में सात दिन और अगस्त में 19, 20 व 21 अगस्त को अनुपस्थित रहे। आख्या में शिक्षण कार्य में रुचि नहीं लेने और अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की पुष्टि भी की गई है। प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी गोवर्धन को जांच अधिकारी नामित किया है। उन्हें एक माह में आरोप-पत्र जारी कर साक्ष्यों सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निलंबन अवधि में शिक्षक को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

# कोसीकलां में बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर के भरतपुरिया पेच इलाके में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर फरार हो गए।

बताया जा रहा है कि मकान मालिक देशराज परिवार के साथ किसी काम से बाहर गया हुआ था और मकान बंद पड़ा था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने दिन–दहाड़े या देर रात वारदात को अंजाम दिया और


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

## लाखों के जेवरात और नकदी पर किया हाथ साफ

बडे आराम से फरार हो गये। किसी को भनक तक नहीं लगी। सुबह जब परिजन लौटे तो मकान का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी और बक्सों के ताले तोडकर लाखों रुपयों के सोने–चांदी के जेवरात और नगदी चोरी कर ले गये। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भरतपुरिया पेच में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की गश्त न के बराबर है। लोगों ने पुलिस से जल्द चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग की है। इंस्पेक्टर कमलेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।




## भरत मिलाप मेले को सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को पुलिस तैयार

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन भरत मिलाप मेला और रामलीला महोत्सव को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। छह अक्टूबर से शुरू होकर 22 अक्टूबर तक चलने वाले इस ऐतिहासिक मेले को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए सुरक्षा का अभेद्य चक्रव्यूह तैयार किया गया है।

दशहरा मेले के दौरान अक्सर बंद घरों में चोरी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसे रोकने के लिए थाना पुलिस ने नई रणनीति बनाई है।

सुरक्षा की दृष्टि से गली–मोहल्लों और कॉलोनियों में दिन–रात चेतक गश्त तेज रहेगी। हर गली की निगरानी करेंगे, ताकि कोई भी चोर सक्रिय न हो सके।

पुलिस का पूरा फोकस मेले के मुख्य आयोजनों पर रहेगा। राम बारात, काली मेला, दशहरा, कुंभकरण वध और मुख्य भरत मिलाप मेला के दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया जाएगा। झांकी मार्ग, रामलीला ग्राउंड और भरत मिलाप चौक पर महिला पुलिस की विशेष तैनाती रहेगी। इस बार मेले में भीड़ नियंत्रण के लिए घुड़सवार पुलिस दल के आने की भी पूरी संभावना है।'

गोमती सरोवर पर होने वाली आकर्षक 'डोंगा लीला' के दौरान सुरक्षा के सबसे कड़े इंतजाम रहेंगे। सरोवर में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस ने गोताखोरों की टीम और स्टीमर तैनात करने का निर्णय लिया है।

सरोवर के चारों ओर बैरिकेडिंग कर पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। मेले में छेड़खानी की घटनाओं को रोकने के लिए सादे कपड़ों में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की विशेष टीमें भीड़ में सक्रिय रहेंगी। अराजकता फैलाने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही मेले में फायर ब्रिगेड, पीआरवी–112, पीएसी कम्पनी, यातायात पुलिस भी मुस्तैद रहेंगे। आला अधिकारी स्वयं ग्राउंड पर मौजूद रहकर हर गतिविधि पर नजर रखेंगे।

## नारी शक्ति के सम्मान में उमड़ा जनसैलाब, हजारों बहनों का अभिनंदन


कार्यक्रम में विधायक श्रीकांत शर्मा का स्वागत करते आयोजक शोभाराम शर्मा।

**यूनिक समय, चौमुहां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित तीन दिवसीय 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'नारी शक्ति वंदन एवं बहना सम्मान समारोह' का शनिवार को समापन हुआ। एक होटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में हजारों महिलाओं का अभिनंदन किया गया।

मुख्य आयोजक पंडित शोभाराम शर्मा ने सभी अतिथियों, महिलाओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। कार्यक्रम में रामचंद्र दास महाराज, राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह, विधायक श्रीकांत शर्मा, विधायक पूरन प्रकाश ने संबोधित किया। ब्लॉक प्रमुख जमुना देवी के पांच वर्षों के विकास कार्यों का रिमोट से लोकार्पण भी किया गया।

रामचंद्र दास महाराज ने महिला सम्मान और देश के विकास पर विचार रखे। विधायक श्रीकांत शर्मा ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, जबकि चौधरी तेजवीर सिंह ने महिलाओं के सशक्तीकरण की बात कही। पूरन प्रकाश ने क्षेत्र के विकास का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर ठाकुर कारे बाबा कमल किशोर वार्ष्णेय, बिहारी राम पहलवान, भानुप्रताप, हेमराज सिंह, धर्मवीर, रूपसिंह नागर, अग्रवाल, तरुण सेठ और जिला सहकारी बैंक चेयरमैन निरंजन सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पानीगांव के तीन दिवसीय बलदेव छठ मेले में उमड़ी हजारों की भीड़


पानीगांव छठ मेले में झाड़–फूंक से इलाज करते वायगीर।

**यूनिक समय, सुरीर।** पानीगांव में 17 सितंबर से चल रहे तीन दिवसीय बलदेव छठ मेले में कंठमाला और विषवेल के निशुल्क उपचार की मान्यता के चलते हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। मेले में वायगीरों द्वारा मंत्र और झाड़–फूंक के माध्यम से उपचार किए जाने की परंपरा निभाई। कुछ लोगों ने थाली की थाप के बीच कथित तौर पर पिछले जन्म की घटनाओं और रिश्तों से जुड़ी दर्दभरी दास्तां भी सुनाई।

वायगीरों का दावा है कि कंठमाला और विषवेल जैसी बीमारियों का उपचार मंत्रों के माध्यम से किया जाता है। हालांकि, इन दावों की चिकित्सकीय पुष्टि नहीं हुई है। मेले में सर्पदंश के मामलों में भी झाड़-फूंक और मंत्रों के जरिए उपचार किए जाने की प्रक्रिया देखी गई। कुछ लोगों ने कथित रूप से पिछले जन्म से जुड़ी घटनाएं और रिश्तों के बारे में बातें बताईं। वायगीरों ने उन्हें गंगा स्नान समेत विभिन्न धार्मिक उपाय करने की सलाह दी। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी पूरी तरह सतर्क रही। पानीगांव चौकी प्रभारी विजय गोस्वामी ने पुलिस टीम के साथ मेला क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी।

## जमीन विवाद में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, गोवर्धन।** थाना क्षेत्र के राधाकुंड निवासी जमना की शिकायत पर पुलिस ने जमीन से जुड़े विवाद में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जमना ने बताया कि राधाकुंड क्षेत्र में स्थित 0.1230 हेक्टेयर भूमि का बैनामा वर्ष 2013 में उसके पक्ष में कराया गया था। भूमि के राजस्व अभिलेखों में भी उसका नाम स्वामी के रूप में दर्ज है। करीब दो माह पहले श्यामलाल उसके पास आया और भूमि को बेचने की बात कहते हुए पांच लाख रुपये की मांग की। रुपये देने से इनकार करने पर संपत्ति को विवादित कराने की धमकी देने का आरोप है। इसके बाद श्यामलाल ने कथित रूप से अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी के पक्ष में विवादित भूमि से संबंधित दानपत्र पंजीकृत करा दिया। पुलिस ने मामले में श्यामलाल, लक्ष्मी, नूराम और बबली निवासी टंकी गली राधाकुंड के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## कोटवन में गैस रिसाव पर मॉकड्रिल, परखी गई आपदा से निपटने की तैयारी

**यूनिक समय, कोसीकलां।** कोटवन औद्योगिक क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक केमिकल फैक्ट्री से जहरीली गैस के रिसाव की सूचना मिली। सूचना मिलते ही प्रशासन में खलबली मच गई, लेकिन कुछ ही देर में पता चला कि यह जिला प्रशासन की ओर से आयोजित एक मॉकड्रिल थी।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और बायल केमिकल लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में इस मॉकड्रिल का आयोजन किया गया था, जिसका उद्देश्य किसी भी औद्योगिक हादसे से निपटने के लिए प्रशासन की तैयारियों को परखना था। गैस रिसाव की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार रूबी यादव के नेतृत्व में तहसील प्रशासन, सीआईएसएफ, थाना पुलिस, फायर ब्रिगेड और सीएचसी की मेडिकल टीम मौके पर पहुंची। सरस्वती विद्या मंदिर के एनसीसी कैडेट्स भी बचाव कार्य में जुटे रहे। टीमों ने तत्काल फैक्ट्री के आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। गैस की चपेट में आए लोगों को प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल भेजा गया। वहीं फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने पानी की बौछार कर गैस रिसाव पर काबू पाया और केमिकल के असर को कम किया।

मॉकड्रिल के समापन पर नायब तहसीलदार रूबी यादव ने सभी टीमों के कार्य की सराहना की। इस मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ. जीपी सिंह, फायर इंस्पेक्टर आलोक सिंह, विद्यालय की आचार्य प्रीती शर्मा, कोटवन चौकी प्रभारी उत्तम चौहान सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## सट्टे की खाईबाड़ी करते युवक गिरफ्तार नकदी–सामान बरामद

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना गोविंदनगर पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते दिलशाद निवासी गली नंबर सात नई बस्ती को पकड़ा है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 660 रुपये नकद, एक पेन, एक अदद डायरी और एक छोटी टॉर्च बरामद हुई। डायरी में सट्टे से संबंधित नंबर लिखे पाए गए।

## प्लॉट का कब्जा न देने और धोखाधड़ी का आरोप

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र में प्लॉट का सौदा करने के बाद कब्जा नहीं देने और कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर संपत्ति का हस्तांतरण करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में बहाटा बांगर निवासी गोविन्द सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार, सात मई 2025 को हरीबाबू निवासी नगला बिंदा तहसील मांट और यतेंद्र कुमार रावत निवासी जमौ तहसील इगलास जिला अलीगढ़ से मौजा बाकलपुर स्थित प्लॉट नंबर 10 का एक हिस्सा खरीदा था। शिकायत में प्लॉट का क्षेत्रफल 167.22 वर्ग मीटर बताया गया है। सौदा कराने में सचिन चौधरी और अमर सिंह ठाकुर के माध्यम से बातचीत हुई थी। संपत्ति के लिए कुल 25 लाख रुपये का भुगतान किया गया। इसमें आरटीजीएस, चेक और नकद के माध्यम से अलग–अलग धनराशि दी गई थी। आरोप है कि भुगतान के बावजूद अब तक संपत्ति का भौतिक कब्जा गोविन्द सिंह को नहीं दिया गया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि विक्रेताओं द्वारा संपत्ति से संबंधित फर्जी- कूटरचित दस्तावेज तैयार कर कथित रूप से धोखाधड़ी की गई।

## संस्कार और सेवा की मिसाल बने नरदेव चौधरी

**यूनिक समय, कोसीकलां।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण के भतीजे और उनके जनप्रतिनिधि नरदेव चौधरी आज क्षेत्र में जनसेवा और संस्कारों की मिसाल बन गए हैं। उनका सरल स्वभाव, विनम्र व्यवहार और लोगों के प्रति समर्पण ने उन्हें जनता के दिलों में खास जगह दिला दी है।

नरदेव चौधरी के कोसीकलां हाईवे स्थित ऑफीसर कालौनी आवास पर प्रतिदिन सुबह से ही जनसैलाब उमड़ पड़ता है। आसपास के दर्जनों गांवों से सैकड़ों लोग अपनी–अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। वे बिना किसी भेदभाव के हर गरीब, किसान, मजदूर और बुजुर्ग की बात को बड़े


कोसीकलां में अपने आवास पर जन समस्याओं को सुनते मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी।

ध्यान और सम्मान के साथ सुनते हैं। उनका जनता दरबार तब तक चलता है जब तक आखिरी व्यक्ति की समस्या नहीं सुन ली जाती। उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी खासियत उनके संस्कार हैं। वे रोज सुबह घर से निकलते ही अपने से बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं और सभी से हाथ जोड़कर मिलते हैं। जनता दरबार में भी वे बुजुर्गों को बैठने के लिए कुर्सी देते हैं और युवाओं से बड़े ही प्रेम से मिलते हैं। उनका

### सुबह से ही आवास पर उमड़ता है जनसैलाब

### बड़ों के पैर छूकर शुरू करते हैं दिन की शुरूआत

यह व्यवहार लोगों को बहुत प्रभावित करता है। नरदेव चौधरी सिर्फ समस्याएं सुनकर टालते नहीं, बल्कि तुरंत संबंधित विभाग के अधिकारियों चाहे वह तहसील हो, ब्लॉक हो, या बिजली विभाग हो या पुलिस विभाग को फोन कर समस्या का मौके पर ही निस्तारण कराते हैं। उनके एक फोन पर अधिकारी भी तुरंत हरकत में आ जाते हैं।

## सुविचार

संघर्ष से मत घबराओ क्योंकि तपकर ही सोना अपना वास्तविक मूल्य पाता है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | नवमी | 03:27-05:52 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | पूर्व आषाढ़ | 01:42-04:34 तक | माह | भाद्रपद |
| सूर्योदय | | 6:15 AM | चन्द्रोदय | 02:21 PM |
| सूर्यास्त | | 6:21 PM | चंद्रास्त | 12:47 AM |
| सूर्य राशि | | कन्या राशि | चंद्र | धनु राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:51AM–12:41 PM | ब्रह्म् मुहूर्त | 04:30-05:18 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 04:54 PM: 06:26 PM | वार | रविवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# पूजा–पाठ शुरू करने से पहले क्यों फोड़ते हैं श्रीफल?



## अहंकार त्याग और मन की शुद्धता का प्रतीक माना जाता है नारियल

## शुभ कार्यों में चढ़ाने की सदियों पुरानी परंपरा

**यूनिक समय, मथुरा।** हिंदू धर्म में पूजा–पाठ, मंदिर दर्शन और किसी नए कार्य की शुरुआत के अवसर पर नारियल चढ़ाने और फोड़ने की परंपरा आम है। नारियल को संस्कृत में 'श्रीफल' कहा जाता है और धार्मिक मान्यताओं में इसे शुभता, समर्पण, पवित्रता और मंगलकामना का प्रतीक माना गया है। यही वजह है कि किसी भी शुभ कार्य से पहले नारियल अर्पित करने की परंपरा आज भी प्रचलित है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नारियल का बाहरी कठोर आवरण मनुष्य के अहंकार और बाहरी व्यक्तित्व का प्रतीक माना जाता है, जबकि इसके भीतर मौजूद सफेद गूदा और जल मन की शुद्धता से जोड़े जाते हैं। नारियल फोड़ने को प्रतीकात्मक रूप से अहंकार और नकारात्मक विचारों का त्याग कर स्वयं को ईश्वर के प्रति समर्पित करने का भाव माना जाता है। पूजा में नारियल अर्पित करने वाला व्यक्ति ईश्वर से शुभ फल, सुख–समृद्धि और कल्याण की कामना करता है।

'श्रीफल' शब्द में 'श्री' का संबंध शुभता, समृद्धि और देवी लक्ष्मी से माना जाता है। इसी कारण नारियल को समृद्धि और मंगल का प्रतीक भी माना जाता है। कई धार्मिक अनुष्ठानों में इसे कलश के ऊपर स्थापित किया जाता है, जहां यह पूर्णता और शुभता का प्रतीक माना जाता है।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

नारियल से जुड़ी कई लोककथाएं और धार्मिक मान्यताएं अलग–अलग क्षेत्रों में प्रचलित हैं। हालांकि, नारियल फोड़ने की परंपरा की शुरुआत को लेकर कोई एक सर्वमान्य पौराणिक कथा नहीं मिलती। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि प्रत्येक हिंदू पूजा की शुरुआत नारियल फोड़कर करना अनिवार्य नहीं है। अनुष्ठान, संप्रदाय और क्षेत्र के अनुसार विधियां अलग हो सकती हैं। इसलिए नारियल फोड़ने की परंपरा मुख्य रूप से आस्था, प्रतीकात्मकता और सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ी है।

# राधा जन्म की खुशी में झूम उठा केशवदेव मंदिर



राधा जन्मोत्सव पर बधाई गायन करते श्रद्धालु।

## बधाई गायन से भक्तिमय हुआ प्रांगण, फूल बंगले में सजे ठाकुरजी

## पोशाक, माला, फल और खिलौने लुटाकर मनाया राधारानी का प्राकट्य उत्सव

**यूनिक समय, मथुरा।** प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देव में शनिवार को राधाष्टमी पर राधा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री कृष्णा सामूहिक संकीर्तन मंडल के सदस्यों ने मंदिर प्रांगण में राधा जन्म बधाई गायन प्रस्तुत किया। मंदिर को रंग–बिरंगी रोशनी और देशी–विदेशी फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया। फूल बंगले की छटा देखते ही बनी।

बधाई गायन में मनमोहन आगरा वालों ने 'आनंद बरस रहयो बृजभान भवन में राधा जन्मी आज', विजय बंसल ने 'राधा रानी प्रकट भईं आज, बधाई बजे बरसाने में', दीपक शर्मा ने 'बरसाने में आनंद छायो, लाली को जन्मदिन आयो' और महेश गोयल ने 'राधा रानी भई प्रकट आज, ब्रज में लड्डू बंटे' सहित विभिन्न बधाइयां सुनाईं। भक्त झूमते हुए आनंद में सराबोर हो गए।

मंदिर प्रबंधन कमेटी, सेवायतों और संकीर्तन मंडल की ओर से भक्तों को पोशाक, माला, फल और खिलौने बधाई स्वरूप लुटाए गए। इससे पूर्व भगवान का पंचामृत अभिषेक हुआ और ठाकुरजी ने राधारानी स्वरूप में दर्शन दिए।

प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। व्यवस्था में सोहनलाल शर्मा, सुरेश अग्रवाल, मुकुट मणि शर्मा, राजकुमार अग्रवाल, दिलीप पांडे, बिहारी लाल गोस्वामी, गिरिराज गोस्वामी, श्यामा चरण गोस्वामी, वृषभान शर्मा, राजू रद्दी वाले, गजानंद अग्रवाल, धीरेंद्र अग्रवाल और नारायण प्रसाद शर्मा आदि प्रमुख रूप से जुटे रहे।

# किशोरों के उज्ज्वल भविष्य के लिए न्यायपालिका की पहल, पांच कंप्यूटर भेंट



राजकीय संप्रेक्षण गृह में कंप्यूटर भेंट करने के बाद उसे संचालित करते जनपद न्यायाधीश विकास कुमार आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर में आवासित किशोरों को तकनीकी शिक्षा और रोजगारोन्मुखी कौशल से जोड़ने के लिए शुक्रवार को पहल की गई। जनपद न्यायाधीश विकास कुमार ने संप्रेक्षण गृह का भ्रमण कर डोनर और गाइरोस के सहयोग से पांच डेस्कटॉप कंप्यूटर सिस्टम भेंट किए।

जनपद न्यायाधीश विकास कुमार ने कहा कि किशोरों को सकारात्मक दिशा देना शासन और न्यायपालिका की प्राथमिकता है। कंप्यूटर प्रशिक्षण से उन्हें आधुनिक तकनीक का ज्ञान मिलेगा और रिहाई के बाद आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता सिंह ने विधिक प्रावधानों और किशोरों के सर्वागीण विकास पर प्रकाश डालते हुए नियमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने पर जोर दिया।

न्यायिक अधिकारियों ने संप्रेक्षण गृह के परिसर, आवास, भोजनालय और स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे सूर्यभान कुमार वर्मा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट परविन्दर सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र और संस्था प्रभारी प्रभाकर सिंह सहित न्यायालय और संस्था के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने न्यायिक अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि कंप्यूटरों के माध्यम से किशोरों के लिए शीघ्र नियमित कंप्यूटर शिक्षा कक्षाएं शुरू की जाएंगी।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा मेन ने जरूरतमंदों को बांटे वस्त्र




वस्त्र वितरण कार्यक्रम में मौजूद जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा मेन के पदाधिकारी।

## सेवा सप्ताह के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम, समाज में सेवा और मानवता का संदेश देने का लिया संकल्प

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स सेवा सप्ताह के अंतर्गत जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा मेन की ओर से शुक्रवार को जरूरतमंद लोगों के लिए वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य संयोजक- सेंट्रल कमेटी सदस्य मुकेश अग्रवाल के संयोजन में जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम में सदस्यों ने सेवा और सहयोग का संदेश देते हुए जरूरतमंद वर्ग की सहायता के लिए आगे भी इस तरह के सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

वक्ताओं ने कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों की मदद करना सामूहिक जिम्मेदारी है। सेवा कार्यों के माध्यम से मानवता और परोपकार की भावना को मजबूत किया जा सकता है।

कार्यक्रम में एसपी चतुर्वेदी, मुकेश अग्रवाल, राजेश बजाज, मोहन बाबू आर्य, जुगल किशोर अग्रवाल, देवेंद्र कुशवाहा, संजय अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, राजीव अरोड़ा, डॉ. विकास दुबे, शंकर अग्रवाल, सुशील उपाध्याय, जितेंद्र उदई, मीरा अग्रवाल, निधि अग्रवाल, रिचा बजाज, माधुरी चतुर्वेदी, रजनी तायल, आशा अग्रवाल, सर्वेश यादव, सरिता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, संगीता अरोड़ा और संगीता अग्रवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। ग्रुप अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल, सचिव रितेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष राजेश यादव ने मुख्य संयोजक मुकेश अग्रवाल समेत सभी सदस्यों का आभार जताया।

## मोदक का बदला स्वाद, गणेशोत्सव में छाए नए फ्लेवर

# गुड़–मिलेट से रसमलाई तक, मोदक में फ्यूजन




**यूनिक समय, मथुरा।** गणेशोत्सव में भगवान गणेश को मोदक का भोग लगाने की परंपरा पुरानी है, लेकिन इस बार बाजार में मोदक का स्वाद और रूप दोनों बदल गए हैं। मिठाई दुकानों पर बूंदी और मावा के पारंपरिक मोदक के साथ चॉकलेट, बिस्कॉफ, पान–काजू, स्ट्रॉबेरी, क्रैनबेरी, केसर–काजू और ड्रायफ्रू ट जैसी कई वैरायटी उपलब्ध हैं। युवाओं में नए स्वाद वाले मोदक पसंद किए जा रहे हैं, जबकि बच्चों की पहली पसंद चॉकलेट मोदक बनी हुई है।

अपना स्वीट्स के प्रकाश राठौड़ के मुताबिक चॉकलेट मोदक की मांग बच्चों में सबसे ज्यादा है। पारंपरिक स्वाद में केसर–काजू, पान–काजू और ड्रायफ्रू ट की मांग है। भंवरीलाल के अनिल सैनी के अनुसार इस बार 15 से अधिक तरह के मोदक तैयार किए गए हैं। इनमें 450 से 500 ग्राम का एक बड़ा ड्रायफ्रूट मोदक भी शामिल है। पांच पीस के डिब्बे और अलग–अलग स्वाद वाले प्लेटर भी उपलब्ध हैं।

अग्रवाल स्वीट्स के अभिषेक अग्रवाल बताते हैं कि शुगर–फ्री, गुड़, मिलेट, लो–शुगर और ड्रायफ्रूट मोदक की मांग भी बढ़ी है। इनमें काजू–बादाम के साथ गोंद, जायफल–जावित्री जैसी सामग्री इस्तेमाल हो रही है। हालांकि ऐसे मोदक को भी सीमित मात्रा में लेना बेहतर है, क्योंकि घी, दूध और मेवों से कैलोरी बढ़ती है।

चॉकलेटियर निधि शर्मा के अनुसार अब मोदक में रसमलाई, रबड़ी, नारियल, फल और दूध की फिलिंग जैसे प्रयोग भी किए जा रहे हैं। स्ट्रॉबेरी, आम, कीवी और मिक्स फ्रूट के स्वाद वाले मोदक भी बाजार में हैं। खास आकर्षण मोदक के आकार वाले रसमलाई और रबड़ी स्वाद के कप केक हैं। कीमतें सामान्य मोदक के लिए 50 से 500 रुपये तक हैं, जबकि वजन और सामग्री के अनुसार प्रीमियम मोदक की कीमत अधिक है।

## सम्पादकीय

# आस्था में मिलावट, व्यवस्था की आंखों पर पट्टी

भगवान के प्रसाद में भी अगर मिलावट का स्वाद आने लगे तो समझिए मामला सिर्फ खाद्य सुरक्षा का नहीं, व्यवस्था की संवेदनशीलता का भी है। तिरुपति के लड्डू में कथित मिलावटी घी की आपूर्ति के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई ने देशभर में सवाल खड़े किए हैं। मथुरा–वृंदावन के लिए यह सवाल और गंभीर है, क्योंकि यहां प्रसाद कारोबार नहीं, श्रद्धा का हिस्सा है।

तिरुपति मामले में ईडी ने सुकृति फूड्स के प्रमोटर कैलाश चंद मंगला को गिरफ्तार किया है। एजेंसी का आरोप है कि 2019 से 2024 के बीच तिरुमला तिरुपति देवस्थानम को सप्लाई किए गए घी में बड़ी मात्रा में कथित मिलावट की गई। पाम ऑयल और अन्य सामग्री से तैयार घी को गाय के घी के रूप में सप्लाई किए जाने का आरोप है। मामला अभी जांच और न्यायिक प्रक्रिया में है, इसलिए आरोपों का अंतिम फैसला अदालत करेगी। लेकिन असली सवाल यह है कि यदि मिलावट वर्षों तक चलती रही तो निगरानी व्यवस्था कर क्या रही थी?



पवन गौतम
संपादक

मथुरा–वृंदावन में भी यह सवाल हल्के में नहीं लिया जा सकता। यहां आने वाला श्रद्धालु पेड़ा, मावा और घी केवल स्वाद के लिए नहीं खरीदता। वह उसे भगवान को अर्पित करता है और प्रसाद मानकर ग्रहण करता है। ऐसे में प्रसाद की शुद्धता पर सवाल सीधे आस्था के भरोसे पर चोट करता है। मार्च में वृंदावन में लिए गए पेड़े के 20 नमूनों में 13 के जांच में फेल होने की रिपोर्ट सामने आई थी। सितंबर में बांकेबिहारी मंदिर क्षेत्र में प्रसाद में सिंथेटिक मावे के इस्तेमाल की रिपोर्ट ने भी चिंता बढ़ाई। यानी मिलावट का सवाल हमारे सामने पहले से मौजूद है। विडंबना देखिए–मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस, बैरिकेडिंग, कैमरे और तमाम इंतजाम किए जाते हैं। लेकिन प्रसाद की शुद्धता की निगरानी कितनी मजबूत है, इसका पता अक्सर तब चलता है जब नमूने प्रयोगशाला पहुंचते हैं। मिलावटखोरों का गणित आसान है–सस्ता माल खरीदो, महंगे नाम से बेचो और मुनाफा कमाओ। लेकिन व्यवस्था का गणित इससे उल्टा होना चाहिए। उसे पहले यह देखना चाहिए कि भगवान के नाम पर बिकने वाली चीज में आखिर है क्या। जरूरत त्योहारों के समय दिखावटी जांच की नहीं, नियमित निगरानी की है। प्रसाद, मावा, घी और दूध के नमूनों की लगातार जांच हो। रिपोर्ट सार्वजनिक हो और दोषी मिलने पर ऐसी कार्रवाई हो कि अगला मिलावटखोर प्रसाद के डिब्बे को मुनाफे की पेटी समझने से पहले सौ बार सोचे। फंडा यही है कि मंदिर के दरवाजे पर सुरक्षा जरूरी है, लेकिन प्रसाद की थाली तक पहुंची मिलावट को रोकना उससे भी बड़ी जिम्मेदारी है। श्रद्धालु भगवान पर भरोसा करके प्रसाद खरीदता है; व्यवस्था को उस भरोसे की रखवाली करनी होगी।

**संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।**

## नजरिया

# किशोर का गुस्सा, कहीं रिश्तों की उम्रभर सजा न बने

बोध प्रकाश सगुणी



किशोरावस्था जीवन का वह दौर है, जब बच्चा न पूरी तरह बच्चा रह जाता है और न ही पूरी तरह वयस्क बन पाता है। शरीर बदल रहा होता है, सोच बदल रही होती है और सबसे बड़ी बात–उसे अपनी स्वतंत्र पहचान बनाने की बेचैनी होती है। इसी दौर में माता–पिता की रोक–टोक अचानक उसे बोझ लगने लगती है। कल तक जिन माता–पिता की सलाह जरूरी लगती थी, वही बातें आज दखलअंदाजी महसूस होने लगती हैं। यहीं से घर में छोटी–छोटी बहसें शुरू होती हैं और कई बार ये बहसें रिश्तों में गहरी खरोंच छोड़ जाती हैं।

कल्पना कीजिए, रात के दो बजे कोई बेटी दोस्तों के साथ बाहर से घर लौटती है। घर का दरवाजा खुला मिलता है। उसे लगता है कि घरवालों ने लापरवाही की है। वह नाराज होकर कमरे में चली जाती है। लेकिन उसे शायद यह पता ही नहीं कि उसके पिता ने शाम से ही दरवाजे की ओर नजरें टिकाए रखी थीं। वह यह जानना चाहते थे कि उनकी बेटी सुरक्षित घर लौटे। बेटी के घर पहुंचते ही उनके मन में राहत आई, लेकिन बेटी ने उस चिंता को महसूस करने के बजाय उसे अपने ऊपर लगाई गई पाबंदी समझ लिया।

यही अंतर आज अनेक परिवारों की कहानी बनता जा रहा है। एक ही घटना को बच्चे और माता–पिता दो बिल्कुल अलग नजरिए से देखते हैं। बच्चे को लगता है कि उसे अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीने नहीं दिया जा रहा, जबकि माता–पिता के लिए वही चिंता सुरक्षा और जिम्मेदारी का दूसरा नाम है। दोनों के इरादे गलत नहीं होते, लेकिन संवाद की कमी रिश्ते में दूरी पैदा कर देती है।

किशोरावस्था में स्वतंत्रता की इच्छा स्वाभाविक है। 12 से 16 वर्ष के बीच बच्चे अपने फैसले खुद लेने की कोशिश करते हैं। वे अपनी पसंद, दोस्तों, कपड़ों, मोबाइल, पढ़ाई और बाहर जाने तक के मामलों में अधिकार चाहते हैं। यह बदलाव उनके व्यक्तित्व के विकास का हिस्सा है। दूसरी तरफ माता–पिता के लिए बच्चा अब भी वही होता है, जिसकी सुरक्षा और भविष्य की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है। यही सोच का टकराव घर में तनाव पैदा करता है। समस्या तब गंभीर होती है, जब क्षणिक गुस्सा स्थायी शब्दों में बदल जाता है। गुस्से में कही गई बात कुछ देर बाद भुला दी जा सकती है, लेकिन लिखे हुए शब्द लंबे समय तक मन में रह सकते हैं। किशोर उम्र में कोई बच्चा डायरी, मोबाइल या सोशल मीडिया पर माता–पिता के लिए बेहद कठोर शब्द लिख देता है। उस समय उसे शायद इसका अंदाजा नहीं होता कि वही शब्द कभी माता–पिता की नजरों के सामने आ गए तो उन्हें कितना गहरा आघात पहुंच सकता है।

माता–पिता भी आखिर इंसान हैं। वे हर फैसले में सही हों, यह जरूरी नहीं। वे कभी जरूरत से ज्यादा रोक सकते हैं, कभी बच्चे की बात पूरी तरह समझ नहीं पाते और कभी अपनी चिंता को गुस्से के रूप में व्यक्त कर देते हैं। लेकिन उनके गलत तरीके का अर्थ यह नहीं कि उनका प्रेम खत्म हो गया। इसी तरह बच्चों की नाराजगी का अर्थ यह भी नहीं कि वे अपने माता–पिता से प्रेम नहीं करते। इसलिए परिवारों में सबसे जरूरी चीज संवाद है। बच्चों को यह अधिकार मिलना चाहिए कि वे असहमति व्यक्त कर सकें। उन्हें सवाल पूछने, अपनी पसंद बताने और अपनी निजता की मांग करने की आजादी होनी चाहिए। लेकिन आजादी का मतलब जिम्मेदारी से मुक्त होना नहीं है। यदि बच्चा देर से घर लौटता है तो उसे यह समझना चाहिए कि उसकी सुरक्षा को लेकर परिवार की चिंता स्वाभाविक है। उसे अपनी स्वतंत्रता के साथ दूसरों की भावनाओं का सम्मान भी सीखना होगा।

दूसरी ओर माता–पिता को भी यह समझना होगा कि हर चिंता को आदेश में बदल देना समाधान नहीं है। किशोर से संवाद करते समय केवल यह कहना कि "हम तुमसे बड़े हैं, इसलिए हमारी बात मानो" उसके भीतर विद्रोह बढ़ा सकता है। बेहतर होगा कि उसे कारण समझाया जाए, उसकी बात सुनी जाए और जहां संभव हो, निर्णय लेने में उसे सहभागी बनाया जाए। बच्चे जैसे–जैसे बड़े होते हैं, माता–पिता की भूमिका भी बदलनी चाहिए। बचपन में हाथ पकड़कर सड़क पार कराने वाले माता–पिता किशोरावस्था में हर कदम पर हाथ पकड़कर नहीं चल सकते। उन्हें धीरे–धीरे मार्गदर्शक की भूमिका में आना होगा। बच्चे को निर्णय लेने देना होगा और गलती होने पर उसे सीखने का अवसर भी देना होगा। इसी तरह बच्चे को भी यह स्वीकार करना होगा कि स्वतंत्रता के साथ जवाबदेही आती है। रिश्तों की खूबसूरती इसी संतुलन में है। असहमति रिश्ते की दुश्मन नहीं है। लगातार संवाद न होना ज्यादा बड़ी समस्या है। बच्चे अपने माता–पिता से नाराज हो सकते हैं, उनसे बहस कर सकते हैं, किसी फैसले का विरोध कर सकते हैं। लेकिन गुस्सा उतरने के बाद बातचीत की पहल करने में कोई छोटा–बड़ा नहीं होता। कई बार एक छोटा–सा "सॉरी" रिश्ते में आई बड़ी दरार को भरने की शुरुआत बन सकता है। यह सॉरी केवल बच्चे को ही नहीं, माता–पिता को भी कहना सीखना चाहिए। अगर किसी बात पर माता–पिता से गलती हुई है तो वे भी माफी मांगें। इससे उनका सम्मान कम नहीं होता, बल्कि बच्चे को रिश्तों में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का वास्तविक अर्थ समझ आता है। किशोरावस्था गुजर जाती है। स्कूल, कॉलेज, दोस्त और जीवन की प्राथमिकताएं बदल जाती हैं। लेकिन उस उम्र में बोले गए कुछ शब्द और किए गए कुछ व्यवहार परिवार की स्मृतियों में लंबे समय तक बने रह सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि गुस्सा निकले, लेकिन रिश्ते न टूटें; असहमति हो, लेकिन सम्मान बना रहे; आजादी मिले, लेकिन जिम्मेदारी भी साथ चले।

## विचार विंडो

# तीन बार टाइपिंग टेस्ट में फेल, क्लर्क से बना चपरासी

राम प्रकाश शर्मा

सरकारी नौकरी को अक्सर सुरक्षित भविष्य की गारंटी माना जाता है। नियुक्ति मिलते ही यह धारणा मजबूत हो जाती है कि अब नौकरी में किसी तरह का बड़ा खतरा नहीं रहेगा। लेकिन बरेली की एक कार्रवाई ने इस सोच पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहां एक जूनियर क्लर्क को निर्धारित टाइपिंग परीक्षा में लगातार तीन बार असफल रहने के बाद चपरासी के पद पर भेज दिया गया। जिलाधिकारी की ओर से की गई इस कार्रवाई ने सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी की जिम्मेदारी, कार्यक्षमता और जवाबदेही को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

मामला बरेली की मीरगंज तहसील में तैनात जूनियर क्लर्क रेहान खान का है। उनकी नियुक्ति पांच जुलाई 2021 को मृतक आश्रित कोटे के तहत हुई थी। ऐसी नियुक्ति का उद्देश्य किसी कर्मचारी की मृत्यु के बाद उसके परिवार को आर्थिक सहारा देना होता है। लेकिन इस नियुक्ति के साथ विभागीय नियमों के मुताबिक हिंदी टाइपिंग परीक्षा पास करना भी जरूरी था। रेहान को इस परीक्षा के लिए एक नहीं, बल्कि तीन अवसर दिए गए।

पहली परीक्षा 25 सितंबर 2023 को हुई। वह इसमें सफल नहीं हो सके। इसके बाद उन्हें 21 जून 2024 को दूसरा अवसर मिला, लेकिन परिणाम फिर उनके पक्ष में नहीं रहा। तीसरी और अंतिम परीक्षा आठ सितंबर 2026 को हुई। इस बार भी वह निर्धारित टाइपिंग गति और मानक पूरा नहीं कर पाए।



लगातार तीन अवसरों में असफल रहने के बाद 16 सितंबर को जिलाधिकारी ने उन्हें जूनियर क्लर्क के पद से हटाकर चपरासी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने का आदेश जारी कर दिया।

यह कार्रवाई केवल एक कर्मचारी के पद परिवर्तन की कहानी नहीं है। इसके पीछे सरकारी व्यवस्था में काम की गुणवत्ता और पद की जिम्मेदारी का बड़ा सवाल छिपा है। क्लर्क का काम केवल फाइलों को एक मेज से दूसरी मेज तक पहुंचाना नहीं है। सरकारी कार्यालयों में पत्राचार, अभिलेख तैयार करना, आदेश टंकित करना और कंप्यूटर आधारित कामकाज उसकी जिम्मेदारियों का हिस्सा है। ऐसे में जिस पद के लिए एक निश्चित कौशल अनिवार्य किया गया हो, उसमें उस कौशल को हासिल करना कर्मचारी की जिम्मेदारी भी बनती है।

हालांकि, दूसरी ओर यह सवाल भी महत्वपूर्ण है कि क्या किसी कर्मचारी की लगातार असफलता के पीछे केवल उसकी लापरवाही को ही कारण माना जाना चाहिए? क्या विभाग ने उसे पर्याप्त प्रशिक्षण दिया? क्या परीक्षा की तैयारी के लिए नियमित प्रशिक्षण की व्यवस्था थी? क्या कर्मचारी को अपनी कमजोरी दूर करने के लिए पर्याप्त अवसर और संसाधन मिले? प्रशासनिक कार्रवाई के साथ इन सवालों पर भी विचार होना चाहिए।

सरकारी कार्यालयों में तकनीक का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। अब अधिकांश काम कंप्यूटर पर होता है। फाइलों से लेकर पत्राचार तक का बड़ा हिस्सा डिजिटल माध्यम से तैयार किया जा रहा है। ऐसे में टाइपिंग और कंप्यूटर संचालन का ज्ञान किसी अतिरिक्त योग्यता से अधिक काम की मूल आवश्यकता बन चुका है। कर्मचारियों को इस बदलाव के अनुरूप प्रशिक्षित करना विभागों की जिम्मेदारी है, तो प्रशिक्षण के बाद निर्धारित दक्षता हासिल करना कर्मचारियों का दायित्व।

बरेली में अन्य कर्मचारियों को भी टाइपिंग परीक्षा के लिए समय दिया गया है। कुछ को तीसरा और अंतिम अवसर मिला है, जबकि कुछ कर्मचारी दूसरी बार परीक्षा देंगे। उन्हें कंप्यूटर टाइपिंग सीखने और तैयारी के लिए दो महीने का समय दिया गया है। इसका अर्थ यह भी है कि प्रशासन केवल कार्रवाई करने के बजाय सुधार का अवसर देने की नीति भी अपना रहा है। यदि कर्मचारी निर्धारित समय में अपनी दक्षता सुधार लेते हैं तो कार्रवाई से बच सकते हैं।

सबसे गंभीर मामला फरीदपुर में तैनात रहे अंशुल वर्मा का बताया गया है, जिन्हें सरकारी सेवा से ही बर्खास्त कर दिया गया। इससे स्पष्ट है कि प्रशासन अब सरकारी सेवा में केवल नियुक्ति को पर्याप्त नहीं मान रहा, बल्कि कार्य निष्पादन को भी महत्व दे रहा है।

सरकारी कर्मचारी और प्रशासन के बीच संबंध केवल अधिकार और अनुशासन का नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और विश्वास का भी है। जनता टैक्स के माध्यम से सरकारी व्यवस्था को चलाती है और बदले में उससे समयबद्ध, सक्षम और जवाबदेह सेवाओं की अपेक्षा करती है। इसलिए कर्मचारियों की दक्षता पर जोर देना जरूरी है।

लेकिन दक्षता की कसौटी पर कार्रवाई करते समय व्यवस्था को भी अपनी जिम्मेदारी याद रखनी होगी। प्रशिक्षण, स्पष्ट नियम, पर्याप्त अवसर और निष्पक्ष मूल्यांकन के बाद ही कठोर कार्रवाई ज्यादा प्रभावी और स्वीकार्य बनती है।

बरेली की घटना का सबसे बड़ा संदेश यही है कि सरकारी नौकरी स्थायी सुरक्षा का पर्याय नहीं हो सकती। पद के साथ जुड़ी जिम्मेदारियों को पूरा करना भी उतना ही जरूरी है। तीन बार मिले अवसरों के बावजूद आवश्यक दक्षता हासिल नहीं करना कर्मचारी के लिए गंभीर चेतावनी है, लेकिन इससे प्रशासन के सामने भी यह चुनौती खड़ी होती है कि वह कर्मचारियों को समय रहते प्रशिक्षित और सक्षम बनाने की व्यवस्था कितनी मजबूत करता है।

आखिरकार सरकारी कार्यालयों की कार्यक्षमता केवल नियमों की सख्ती से नहीं, बल्कि कर्मचारी की दक्षता और प्रशासन की प्रशिक्षण व्यवस्था–दोनों के संतुलन से बेहतर होगी।

# एक जीत के बाद भी टूटा सपना, 3-1 से हारा भारत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** डेविस कप के दूसरे राउंड में भारतीय टेनिस टीम का सफर साउथ कोरिया के खिलाफ 3-1 की हार के साथ खत्म हो गया। 18 और 19 सितंबर को सियोल के ओलंपिक टेनिस सेंटर में खेले गए मुकाबलों में भारत चार मैचों में सिर्फ एक जीत दर्ज कर सका। इस हार के साथ भारतीय टीम के अंतिम-8 में पहुंचने की उम्मीद भी समाप्त हो गई। 18 सितंबर को खेले गए शुरुआती दोनों सिंगल्स मुकाबलों में भारत को हार मिली थी। पहले मैच में डीके सुरेश का सामना साउथ कोरिया के सूनवू क्वोन से हुआ। सुरेश ने पहला सेट 6-3 से जीतकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन क्वोन ने दूसरे सेट में 6-3 से वापसी की। तीसरे सेट में भी कोरियाई खिलाड़ी ने 6-4 से जीत दर्ज कर भारत को 1-0 से पीछे कर दिया। इसके बाद सुमित नागल कोर्ट पर उतरे, जहां उनका मुकाबला ह्योन चुंग से हुआ। नागल ने पहला सेट 6-2 से अपने नाम किया, लेकिन चुंग ने दूसरे सेट में 6-4 से जीत हासिल कर वापसी की। निर्णायक सेट में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन चुंग ने 7-5 से सेट जीतकर कोरिया की बढ़त 2-0 कर दी। 19 सितंबर को भारत ने डबल्स मुकाबले में वापसी की कोशिश की। एन श्रीराम बालाजी और डीके सुरेश की जोड़ी ने जिसुंग नाम और उइसुंग पार्क की कोरियाई जोड़ी का सामना किया। भारतीय खिलाड़ियों ने पहला सेट 6-3 से जीता, लेकिन कोरियाई जोड़ी ने दूसरा सेट भी 6-3 से जीतकर मुकाबला बराबर कर दिया। निर्णायक सेट में बालाजी और सुरेश ने 6-3 से जीत दर्ज कर भारत को मुकाबले में बनाए रखा। इसके बाद चौथे मैच में एक बार फिर सुमित नागल और सूनवू क्वोन आमने-सामने आए। इस बार नागल को सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। क्वोन ने पहला सेट 6-1 और दूसरा सेट 6-2 से जीतकर कोरिया को 3-1 की निर्णायक बढ़त दिला दी। इस नतीजे के साथ भारतीय टीम का डेविस कप अभियान दूसरे राउंड में ही समाप्त हो गया और अंतिम-8 में जगह बनाने का सपना भी टूट गया।









## 'वाइब' की धमाकेदार शुरुआत कमाई में कई फिल्मों को छोड़ा पीछे



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कुणाल खेमू की फिल्म 'वाइब' ने बॉक्स ऑफिस पर धीमी लेकिन चर्चा में रहने वाली शुरुआत की है। सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने रिलीज के पहले दिन भारत में करीब 2.25 करोड़ रुपये नेट और 1.80 करोड़ रुपये ग्रॉस कलेक्शन किया। फिल्म की कुल ऑक्यूपेंसी 13.38 प्रतिशत रही। रात के शो में दर्शकों की संख्या बढ़ी और ऑक्यूपेंसी 22.31 प्रतिशत तक पहुंच गई। 'वाइब' की भिड़ंत बॉक्स ऑफिस पर करीना कपूर खान की फिल्म 'दायरा' से हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, 'दायरा' ने पहले दिन 90 लाख रुपये नेट कमाए। इस लिहाज से 'वाइब' की ओपनिंग उससे अधिक रही। वहीं, फिल्म ने 'एक दिन' और 'मैं वापस आउंगा' के ओपनिंग डे कलेक्शन को भी पीछे छोड़ा, दोनों फिल्मों ने पहले दिन 1.15 करोड़ रुपये कमाए थे। 'मडगांव एक्सप्रेस' के बाद 'वाइब' कुणाल खेमू की बतौर निर्देशक दूसरी फिल्म है। खास बात यह है कि उन्होंने फिल्म को लिखने, निर्देशित करने और प्रोड्यूस करने के साथ इसमें मुख्य भूमिका भी निभाई है। फिल्म में स्पर्श श्रीवास्तव, प्रीति जिंटा, वंशिका धीर, यशपाल शर्मा और दिनेश लाल यादव भी नजर आते हैं। फिल्म की कहानी दो दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें गलती से एक आतंकवादी साजिश का पता चल जाता है। इसके बाद शुरू होता है कॉमेडी और एडवेंचर से भरपूर सफर।

## नए साल में फिर छाएगी गोलमाल, 8 जनवरी को आएगी पांचवीं फिल्म

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड की लोकप्रिय कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'गोलमाल' एक बार फिर बड़े पर्दे पर हंसी और मस्ती का डोज देने के लिए तैयार है। रोहित शेट्टी ने 'गोलमाल 5' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। फिल्म 8 जनवरी 2027 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ ही लंबे समय से फिल्म का इंतजार कर रहे फैंस के बीच उत्सुकता बढ़ गई है। 'गोलमाल' फ्रैंचाइजी अपनी कॉमेडी, मस्ती, गलतफहमियों और किरदारों की मजेदार नोकझोंक के लिए जानी जाती है।

अब पांचवीं फिल्म में एक बार फिर पुरानी गैंग दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है। 'गोलमाल 5' में अजय देवगन, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े और कुणाल खेमू की वापसी हो रही है। अजय देवगन एक बार फिर गोपाल के लोकप्रिय किरदार में नजर आएंगे। वहीं अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े और कुणाल खेमू भी अपनी पुरानी भूमिकाओं के साथ फ्रैंचाइजी में लौट रहे हैं। खास बात यह है कि शरमन जोशी भी 'गोलमाल' की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। वह 2006 में रिलीज हुई पहली फिल्म 'गोलमालः फन अनलिमिटेड' के बाद अब इस फ्रैंचाइजी की पांचवीं फिल्म का हिस्सा होंगे। इसके अलावा इस बार अक्षय कुमार की भी फिल्म में एंट्री हुई है। उनकी मौजूदगी ने फिल्म की कास्ट को और बड़ा बना दिया है। 'गोलमाल 5' का निर्देशन एक बार फिर रोहित शेट्टी कर रहे हैं। फ्रैंचाइजी की शुरुआत साल 2006 में 'गोलमालः फन अनलिमिटेड' से हुई थी। इसके बाद 2008 में 'गोलमाल रिटर्न्स', 2010 में 'गोलमाल 3' और 2017 में 'गोलमाल अगेन' रिलीज हुई थी। अब करीब एक दशक बाद इस सीरीज की पांचवीं फिल्म सिनेमाघरों में आने वाली है।



'गोलमाल' की हर फिल्म में दोस्तों की नोकझोंक, अजीबोगरीब परिस्थितियां, गलतफहमियां और कॉमेडी का तड़का देखने को मिलता रहा है।

गोपाल और माधव की भिड़ंत से लेकर लकी के मजेदार अंदाज तक, फ्रैंचाइजी के किरदार दर्शकों के बीच अपनी अलग पहचान बना चुके हैं।

निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट साझा करते हुए हंसी, मजा, खुशी, आनंद और परिवार को फिल्म की थीम से जोड़ा है। ऐसे में 'गोलमाल 5' में भी पारिवारिक मनोरंजन और कॉमेडी का भरपूर तड़का देखने को मिलने की उम्मीद है। अब देखना होगा कि रोहित शेट्टी और उनकी पूरी गैंग 8 जनवरी 2027 को दर्शकों के लिए किस तरह का नया 'गोलमाल' लेकर आती है।

## अमिताभ की मिमिक्री से छाए प्रतीक मिला बड़ा ऑडिशन का ऑफर



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** समय रैना के कॉमेडी टैलेंट शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' के सातवें एपिसोड के विनर प्रतीक भारद्वाज इन दिनों चर्चा में हैं। 18 सितंबर को रिलीज हुए इस एपिसोड में प्रतीक ने अपनी शानदार मिमिक्री से पैनलिस्ट और दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी परफॉर्मेंस के बाद उन्हें 1 लाख रुपये की इनामी राशि भी मिली। प्रतीक भारद्वाज कॉमेडी और एंटरटेनमेंट क्रिएटर हैं। वह सोशल मीडिया पर मिमिक्री, स्टैंड-अप कॉमेडी और अलग-अलग तरह के मनोरंजक वीडियो शेयर करते हैं। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर करीब 19.8 हजार फॉलोअर्स हैं। शो के दौरान उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें क्रिकेट खेलने का शौक है। एपिसोड में प्रतीक ने अमिताभ बच्चन की शानदार मिमिक्री की, जिसे देखकर कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा भी प्रभावित हुए। परफॉर्मेंस के बाद मुकेश छाबड़ा ने प्रतीक से उनके करियर और फिल्मों में काम करने की इच्छा के बारे में पूछा। प्रतीक ने कहा कि अगर उन्हें फिल्म में काम करने का मौका मिलता है तो वह मना नहीं करेंगे। इसके बाद मुकेश छाबड़ा ने उन्हें अपने ऑफिस आने और तीन बार ऑडिशन देने का मौका दिया। उन्होंने प्रतीक की तारीफ करते हुए कहा कि वह बेहतरीन लाइनें बोल रहे हैं और उन्हें खुद ऑडिशन लेते देखना चाहते हैं। इस एपिसोड में तीन कंटेस्टेंट्स ने हिस्सा लिया था। जादूगर ऋत्विक उपाध्याय और आदित्य-प्रेरणा की परफॉर्मेंस के बाद प्रतीक ने मिमिक्री एक्ट से बाजी मार ली और विजेता बन गए।

## अगरकर के जाने की खबरों के बीच बीसीसीआई का बड़ा बयान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर के भविष्य को लेकर चर्चा तेज हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगरकर ने अपने कॉन्ट्रैक्ट की अवधि पूरी होने के बाद चीफ सेलेक्टर के पद पर बने रहने से इनकार कर दिया है। उनका मौजूदा कार्यकाल 4 अक्टूबर 2026 को समाप्त हो रहा है। इस बीच बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने अगरकर के भविष्य को लेकर कहा है कि बोर्ड जल्द ही इस पर फैसला करेगा। बीसीसीआई की सालाना बैठक के बाद देवजीत सैकिया ने कहा कि अगरकर के कार्यकाल में अभी करीब 15 दिन का समय बाकी है और क्रिकेट के लिहाज से 15 दिन काफी लंबा समय होता है। उन्होंने कहा कि सही समय आने पर बोर्ड इस मामले में अपना निर्णय सार्वजनिक करेगा। सैकिया ने यह भी स्पष्ट किया कि सालाना बैठक के दौरान किसी विशेष व्यक्ति के नाम को लेकर चर्चा नहीं हुई। अजीत अगरकर ने जुलाई 2023 में भारतीय क्रिकेट टीम के चीफ सेलेक्टर का पद संभाला था। उनके कार्यकाल के दौरान भारतीय टीम ने कई अहम टूर्नामेंटों में सफलता हासिल की। टीम इंडिया ने 2023 और 2025 में एशिया कप अपने नाम किया। इसके अलावा भारतीय टीम 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल तक पहुंची। भारत ने 2024 और 2026 में टी20 विश्व कप जीता, जबकि 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब भी अपने नाम किया। अगरकर के कार्यकाल में चयन समिति ने कई युवा खिलाड़ियों को भी टीम में मौका दिया और भविष्य की टीम तैयार करने पर काम किया। अब उनके पद पर बने रहने को लेकर अंतिम फैसला बीसीसीआई की ओर से लिया जाना बाकी है।



इसी बीच आईपीएल 2027 को लेकर भी बीसीसीआई ने महत्वपूर्ण जानकारी दी है। आईपीएल 2027 का मिनी ऑक्शन दिसंबर में आयोजित किया जाएगा। यह 2023 से 2027 के चक्र के बीच आखिरी मिनी ऑक्शन होगा। आईपीएल के 20 साल पूरे होने के मौके पर अगले सीजन को विशेष तरीके से आयोजित करने की तैयारी है। अरुण धूमल और खैरुल मजूमदार को दोबारा आईपीएल गवर्निंग काउंसिल में शामिल किया गया है। बीसीसीआई दिव्यांग क्रिकेटरों को सहयोग देने के लिए राज्य क्रिकेट संघों को भी इस पहल से जोड़ने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा दिसंबर 2027 में बीसीसीआई के 100 साल पूरे होने के मौके पर पूरे एक साल तक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। ऐसे में आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट से जुड़े कई बड़े फैसले देखने को मिल सकते हैं।

# आसमान में बना तिरंगा, गरजे नौ लड़ाकू विमान, रोमांचित हुए हजारों दर्शक

**यूनिक समय, मेरठ।** शहर में शनिवार को पहली बार वायुसेना का भव्य हवाई प्रदर्शन हुआ। न्यू इंटीग्रेटेड टाउनशिप में आयोजित कार्यक्रम में सूर्यकिरण हवाई करतब टीम के नौ हॉक एमके-132 विमानों ने आसमान में रोमांच पैदा कर दिया। विमानों की गड़गड़ाहट से पूरा इलाका गूंज उठा। करीब 30 मिनट तक चले प्रदर्शन में पायलटों ने हवा में गोते लगाने से लेकर उल्टी उड़ान और अलग-अलग आकृतियां बनाने जैसे करतब दिखाए।

विमानों ने जमीन से करीब 200 फीट की ऊंचाई पर धुएं की लकीरों से आसमान में तिरंगा बनाया। कई मौकों पर नौ विमान



## 200 फीट की ऊंचाई पर सूर्यकिरण टीम ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

## स्कूली बच्चों और कैडेट्स समेत करीब 10 हजार लोग बने गवाह

एक-दूसरे से पांच मीटर से भी कम दूरी पर उड़ते दिखाई दिए। कभी विमान एक साथ ऊपर उठे तो कभी तेजी से नीचे आते हुए पलटी खाई। प्रदर्शन देखकर दर्शकों ने तालियों और सीटियों से उत्साह बढ़ाया। भारत माता की जय और जय हिंद के नारों से आयोजन स्थल गूंजता रहा।

हवाई प्रदर्शन में मेरठ से जुड़े तीन पायलट भी सूर्यकिरण टीम का हिस्सा रहे। स्क्वाड्रन लीडर अमन गोयल और स्क्वाड्रन लीडर राहुल सिंह ने विमानों के साथ करतब दिखाए, जबकि स्क्वाड्रन लीडर शरद गोयल ने जमीन से प्रदर्शन के संचालन की जिम्मेदारी संभाली। अमन गोयल के परिवार के सदस्य भी उन्हें प्रदर्शन करते देखने पहुंचे।

शनिवार सुबह साढ़े दस बजे शुरू हुए हवाई प्रदर्शन को देखने के लिए 10 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थी, एनसीसी और एनएसएस कैडेट्स समेत करीब 10 हजार लोग पहुंचे। आयोजन स्थल पर वायुसेना की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जहां विद्यार्थियों ने सैन्य विमानों और वायुसेना से जुड़ी जानकारी हासिल की। अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शन रविवार को भी होगा और दूसरे दिन दर्शकों की संख्या और बढ़ने की संभावना है।

सूर्यकिरण वायुसेना की 52वीं स्क्वाड्रन की हवाई करतब टीम है। इसकी स्थापना 1996 में हुई थी। टीम में 13 पायलट होते हैं, जिनमें से नौ एक साथ उड़ान भरकर प्रदर्शन करते हैं।

# प्रिंटिंग प्रेस के तीन कर्मचारियों ने किया था टीईटी का पेपर लीक

**यूनिक समय, आगरा।** महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा का प्रश्नपत्र आगरा की एक मुद्रण प्रेस से बाहर निकाले जाने का मामला सामने आया है। ठाणे पुलिस की ओर से भिवंडी की अदालत में दाखिल किए गए करीब 3500 पन्नों के आरोपपत्र के अनुसार, प्रेस के तीन कर्मचारियों ने प्रश्नपत्रों को जूतों के तलवों में छिपाकर बाहर निकाला था। इसके बदले उन्हें कथित तौर पर आठ हजार रुपये दिए गए और आगरा में भूखंड देने का वादा भी किया गया था।

पुलिस के अनुसार, आगरा की महीम पटरन प्राइवेट लिमिटेड मुद्रण प्रेस में महाराष्ट्र टीईटी के गोपनीय प्रश्नपत्र छापे जा रहे थे। 15 से 17 जून के बीच कर्मचारियों नरेश कुमार उर्फ निक्की, बाबूलाल कुशवाहा और संजय शर्मा ने प्रश्नपत्रों को बाहर निकालने की योजना बनाई। प्रेस में सुरक्षा कर्मी कपड़ों की तलाशी लेते थे, लेकिन



जूतों की जांच नहीं होती थी। कर्मचारियों ने इसी व्यवस्था का फायदा उठाया।

जांच के मुताबिक, छपाई के दौरान जिन प्रश्नपत्रों में स्याही हल्की होती थी या अन्य कमी रह जाती थी, उन्हें अलग रखकर नष्ट किया जाना था। इन प्रश्नपत्रों की अलग से गिनती नहीं होती थी। आरोप है कि कर्मचारियों ने इसी प्रक्रिया का फायदा उठाकर प्रश्नपत्र बाहर पहुंचाए। बाद में ये प्रश्नपत्र बिहार के सोनू सिंह के माध्यम से मुख्य आरोपी बताए गए बिजेंद्र गुप्ता तक पहुंचे।

ठाणे पुलिस ने मामले में बिजेंद्र गुप्ता समेत 18 लोगों को आरोपी बनाया है। इनमें प्रेस के तीन कर्मचारी भी शामिल हैं। 16 आरोपियों की


## जूते के तलवे में छिपाकर निकाले टीईटी के पेपर आठ हजार में हुआ सौदा

## आगरा की मुद्रण प्रेस के तीन कर्मचारियों पर आरोप

## 18 आरोपी, 16 गिरफ्तार परीक्षा करनी पड़ी स्थगित

गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि अशोक साव और प्रकाश मिसाल फरार बताए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, 28 जून को होने वाली महाराष्ट्र टीईटी परीक्षा से करीब 24 घंटे पहले प्रश्नपत्र लीक हो गया था। इसके बाद महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद ने परीक्षा स्थगित कर दी थी। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच में प्रश्नपत्र के चार सेट बरामद किए गए थे।

# लखनऊ में डिवाइडर से टकराई रोडवेज बस, लगी भीषण आग



## डिवाइडर से टकराते ही बस धू-धूकर जली

## पांच दमकल गाड़ियों ने करीब 30 मिनट में बुझाई आग


**यूनिक समय, लखनऊ।** शुक्रवार देर रात हरदोई-कानपुर रिंग रोड पर उत्कर्ष लॉन के सामने रोडवेज की वातानुकूलित बस डिवाइडर से टकराने के बाद आग की चपेट में आ गई। कुछ ही देर में बस धू-धूकर जलने लगी। सूचना पर चौक और आलमबाग अग्निशमन केंद्र से पांच दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अग्निशमन विभाग के अनुसार, रात करीब 12:30 बजे भापतामऊ के पास बस में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची टीम ने चारों तरफ से पानी की बौछार कर आग बुझाई। इसके बाद बस के भीतर और आसपास तलाशी ली गई, लेकिन कोई यात्री या अन्य व्यक्ति नहीं मिला। बस का पंजीकरण नंबर यूपी 25 एफटी 9230 बताया गया है। शुरुआती जांच में डिवाइडर से टक्कर के बाद आग लगने की आशंका जताई गई है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# योगी बोले-गिनते जाइए, हम नौकरी देते जाएंगे

**यूनिक समय, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में 818 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने नाम लिए बिना पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताएं होती थीं। उन्होंने कहा, ''वे गिनते जाएं, हम नौकरी देते जाएंगे।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले छह महीने में एक लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देने का अभियान चलाया जा रहा है।

उनके अनुसार अब तक करीब साढ़े नौ लाख युवाओं को विभिन्न



सरकारी विभागों में नियुक्ति दी जा चुकी है। आगामी भर्तियों में पुलिस, होमगार्ड, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, शिक्षा सेवा आयोग और लोक सेवा आयोग के पद शामिल हैं।

लोकभवन कार्यक्रम में स्वास्थ्य, आयुष, कौशल विकास और उद्योग विभागों के चयनित अभ्यर्थियों को

## 818 चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे

## अगले छह महीने में एक लाख से अधिक सरकारी नौकरियों का दावा

## कहा- अब चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से चल रही है

नियुक्ति मिली। इनमें 357 एक्स-रे तकनीशियन, आयुष विभाग के 404 अभ्यर्थी, कौशल विकास के 48 अनुदेशक और उद्योग विभाग के नौ सहायक सांख्यिकीय अधिकारी शामिल हैं। कुल 818 में से 21 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने स्वयं नियुक्ति पत्र दिए।

# यमुना किनारे मिला जमीन बेचने वाले युवक का शव

**यूनिक समय, इटावा।** बकेवर थाना क्षेत्र के अन्दावा गांव के पास शनिवार सुबह यमुना किनारे 50 वर्षीय अविनाश उर्फ दिनेश कुमार का शव मिला। परिजनों के अनुसार वह गुरुवार को पैगुपुरा निवासी एक युवक के साथ घर से निकले थे। इसके बाद वापस नहीं लौटे। मृतक की पत्नी ने बताया कि अविनाश ने करीब 15 दिन पहले 20 लाख रुपये में जमीन बेची थी। उन्होंने साथ ले जाने वाले युवक पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगी।

# ढाबे पर विवाद के बाद ताबड़तोड़ फायरिंग से फैली दहशत

**यूनिक समय, आगरा।** न्यू आगरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात ढाबे पर मामूली विवाद के बाद ताबड़तोड़ फायरिंग से दहशत फैल गई। दयालबाग रोड स्थित ढाबे पर खाना खाने पहुंचे चार युवकों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर एक युवक ने पिस्टल निकालकर कई राउंड फायर कर दिए। बताया जा रहा है कि युवक ने पूरी मैगजीन खाली कर दी और दोबारा पिस्टल भरने लगा।

अचानक हुई फायरिंग से ढाबे और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों को अपनी ओर आता देख चारों युवक मौके से फरार हो गए। घटना के बाद आसपास के दुकानदारों ने डर के कारण दुकानें बंद कर दीं।

सूचना मिलते ही एसीपी हरिपर्वत बजरंग प्रसाद और न्यू आगरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि पुलिस के पहुंचने तक ढाबा संचालक भी प्रतिष्ठान बंद कर जा चुका था। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे



## चार युवकों के बीच कहासुनी के बाद निकली पिस्टल, कई राउंड चलने से सहमे दुकानदारों ने गिराए शटर

## पुलिस पहुंची तो ढाबा बंद मिला, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी पुलिस


सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जुटाई है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार फुटेज के आधार पर चारों युवकों की पहचान की जा रही है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# नीले साफे और भगवा रंग पर राजभर का अखिलेश पर हमला

**यूनिक समय, अंबेडकरनगर।** कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने शनिवार को अंबेडकरनगर में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने सपा के नीले साफे और अखिलेश यादव के भगवा रंग अपनाने को लेकर सवाल उठाए। राजभर ने कहा कि केवल रंग और पहनावे में बदलाव से राजनीतिक संदेश नहीं बदलता। उनके इन बयानों की रिपोर्ट शनिवार को प्रकाशित हुई।

राजभर ने अखिलेश यादव के नीले साफे को लेकर दलित समाज को



सावधान रहने की बात कही। उन्होंने सपा सरकार के कार्यकाल से जुड़े कई मुद्दों का उल्लेख करते हुए प्रमोशन में आरक्षण और जिलों व संस्थानों के नाम बदले जाने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि नीला रंग अपनाने मात्र से दलित

## भगवा रंग और सपा के पुराने फैसलों पर सवाल

## पिछड़ा आरक्षण और प्रस्तावित रथ यात्रा पर भी हमला बोला

समाज का समर्थन हासिल नहीं किया जा सकता। राजभर ने अखिलेश यादव के भगवा रंग अपनाने पर भी टिप्पणी की। उन्होंने सपा शासनकाल में रामभक्तों पर गोली चलने की घटना का जिक्र करते हुए मौजूदा राजनीतिक प्रतीकों पर सवाल उठाया। साथ ही सपा पर सनातन विरोधी होने का आरोप लगाया। ये उनके राजनीतिक आरोप हैं।

राजभर ने आरोप लगाया कि 27 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग आरक्षण का लाभ कुछ ही जातियों तक सीमित रहा। उन्होंने सामाजिक न्याय और आरक्षण के वर्गीकरण से जुड़े मुद्दे को भी उठाया। अखिलेश यादव की प्रस्तावित रथ यात्रा पर तंज कसते हुए राजभर ने कहा कि सुभासपा इसके पीछे 'सावधान यात्रा' निकालेगी और पिछड़ी जातियों के बीच सपा की नीतियों को लेकर सवाल उठाएगी।

# विधायक पूजा पाल के खाते से 1.55 लाख की रुपये ठगी

**यूनिक समय,कौशांबी।** चायल से विधायक पूजा पाल के बैंक खाते से करीब 1.55 लाख रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। 22 अगस्त से 13 सितंबर के बीच फोन-पे और यूपीआई के जरिए कई बार रकम निकाली गई। विधायक को इसकी जानकारी 14 सितंबर को हुई। खाते की जांच में कई अनधिकृत लेन-देन मिले।

शिकायत पर प्रयागराज के धूमनगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। विधायक ने आशंका जताई कि उनका मोबाइल हैक कर बैंकिंग और निजी जानकारी का दुरुपयोग किया गया। पुलिस साइबर सेल की मदद से मोबाइल, फोन-पे, यूपीआई और बैंक खाते की तकनीकी जांच कर रही है। विधायक ने अवैध निकासी रोकने और रकम वापस दिलाने की मांग की है।

### नक्शे की गलती से सीमा पार पहुंचे थे जासूस

# डोभाल का करियर लगा था दांव पर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने आईआईटी रुड़की के दीक्षांत समारोह में अपने शुरुआती करियर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा आया था, जब उन्हें लगा कि उनका करियर खत्म होने वाला है। डोभाल के मुताबिक, वह उस समय करीब 20–25 साल के युवा आईपीएस अधिकारी थे और सिक्किम में इंटेलिजेंस की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उस दौर में सिक्किम के भारत में शामिल होने की प्रक्रिया चल रही थी और उनकी जिम्मेदारियों में सीमावर्ती इलाकों की निगरानी, चीनी सेना यानी पीएलए की गतिविधियों पर नजर रखना और खुफिया जानकारी जुटाना शामिल था। इसी दौरान एक इंटेलिजेंस मिशन पर गए कुछ लोगों की वापसी तय समय पर नहीं हुई। उन्हें करीब पांच–छह दिनों में लौटना था, लेकिन पहले पांच दिन, फिर



आठ और देखते ही देखते करीब दस दिन गुजर गए। डोभाल ने बताया कि उन्हें न तो मिशन में शामिल लोगों के बारे में कोई जानकारी मिल रही थी और न ही किसी बर्फीले तूफान या अन्य घटना की खबर थी। स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही थी। इसी बीच मुख्यालय से उनके पास फोन आया और वरिष्ठ अधिकारी ने पूछा कि क्या उन्होंने कुछ लोगों को सीमा के उस पार भेजा है। डोभाल ने कहा कि उन्हें जानकारी नहीं थी और मिशन में गए लोगों की वापसी का इंतजार था। इसके बाद उन्हें बताया गया कि मिशन में शामिल लोग चीनी हिरासत में हैं। वे गलती से चीनी सीमा में चले गए थे और वहां उन्हें पकड़ लिया गया था। डोभाल के अनुसार, चीनी पक्ष ने उनसे पूछताछ की और बाद में बातचीत या किसी समझौते के बाद उन्हें वापस कर दिया। लौटने पर उनकी हालत बेहद खराब थी। इसके बाद मामले की जांच शुरू हुई। डोभाल ने बताया कि उस समय उन्हें लगा था कि यह घटना उनके करियर का अंत बन सकती है। वह बेहद युवा थे और करियर की शुरुआत में ही इतनी गंभीर घटना सामने आ गई थी। हालांकि जांच पूरी होने के बाद उन्हें दोषी नहीं पाया गया। डोभाल ने बताया कि मुख्यालय से दिए गए नक्शों और स्केच में कुछ कमियां और गलतियां थीं, जिसके कारण मिशन में शामिल लोग अनजाने में सीमा पार चले गए। उन्होंने इस घटना को अपने शुरुआती करियर के बेहद चुनौतीपूर्ण अनुभवों में से एक बताया। यह किस्सा बताता है कि संवेदनशील सीमा क्षेत्रों में सटीक नक्शे, जानकारी और जमीनी स्थिति की सही समझ कितनी महत्वपूर्ण होती है।




## हर्ष महाजन का सुक्खू पर पलटवार, बोले गुरु–गुरु होता है, चेला–चेला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश की सियासत में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और बीजेपी के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के बीच जुबानी जंग तेज होती नजर आ रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए हर्ष महाजन ने उन पर पलटवार किया और कहा कि "गुरु गुरु होता है और चेला चेला होता है।" महाजन ने मुख्यमंत्री पर बिना सोचे–समझे बयान देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें राजनीतिक बयानबाजी करते समय सोच–समझकर बोलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में उनके लिए अंधेरा है, जबकि बीजेपी के लिए उजाला है। हालांकि, यह महाजन की राजनीतिक टिप्पणी है। हर्ष महाजन क्यारकोटि में एक एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाने पहुंचे थे। इस दौरान पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज और जिला परिषद सदस्य खुश विक्रम



सेन भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में महाजन ने मुख्यमंत्री सुक्खू के उस बयान का जवाब दिया, जिसमें सीएम ने उनके राजनीतिक सलाहकार की भूमिका को लेकर टिप्पणी की थी। महाजन ने कहा कि वह लंबे समय तक पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के साथ जुड़े रहे और उनके राजनीतिक शिष्य रहे हैं। उन्होंने वीरभद्र सिंह के साथ अपने पुराने राजनीतिक संबंधों का भी जिक्र किया।

महाजन ने कांग्रेस नेता और विधायक विक्रमादित्य सिंह के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने विक्रमादित्य सिंह की टिप्पणी को राजनीतिक बयान बताया। महाजन ने कहा कि वीरभद्र सिंह 84 वर्ष की उम्र तक राजनीति में सक्रिय रहे और जीवन के अंतिम समय तक राजनीतिक रूप से सक्रिय रहे। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जब तक जीवित रहता है, तब तक राजनीति में सक्रिय रह सकता है।

दरअसल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हाल ही में हर्ष महाजन को लेकर टिप्पणी की थी। सुक्खू ने कहा था कि महाजन जब–जब कांग्रेस के सलाहकार रहे, तब–तब कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि अब महाजन बीजेपी के सलाहकार बने हुए हैं और वह जिसके भी सलाहकार रहे, उसका कभी बेड़ा पार नहीं हुआ। इसी बयान के जवाब में अब हर्ष महाजन ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए "गुरु गुरु होता है, चेला चेला होता है" वाली टिप्पणी की है। दोनों नेताओं के बयानों के बाद हिमाचल प्रदेश की राजनीति में आरोप–प्रत्यारोप का दौर एक बार फिर चर्चा में है।

## ग्रीनलैंड पर ट्रंप की नई डील

## अमेरिका बढ़ाएगा सैन्य मौजूदगी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड को लेकर डेनमार्क और ग्रीनलैंड के साथ एक नए सुरक्षा समझौते का ऐलान किया है। इसके तहत अमेरिका ग्रीनलैंड में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा सकेगा, लेकिन ग्रीनलैंड की संप्रभुता डेनमार्क के पास ही रहेगी। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि समझौते से ग्रीनलैंड की सुरक्षा से जुड़ी अमेरिका की प्रमुख चिंताएं दूर होंगी और सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के कार्यालय के मुताबिक, अमेरिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सरकारें अगले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर कर सकती हैं। हालांकि, इसे लागू करने के लिए डेनमार्क और ग्रीनलैंड की संसदों की मंजूरी जरूरी होगी। समझौते में ग्रीनलैंड और डेनमार्क की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और आत्मनिर्णय के अधिकार को मान्यता देने की बात कही गई है। साथ ही, ग्रीनलैंड में रूस और चीन जैसे गैर–नाटो देशों के सैन्य अड्डों पर रोक लगाने और उनके निवेश को सीमित करने का प्रावधान बताया गया है। ग्रीनलैंड लंबे समय से अमेरिका के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रहा है। वहां अमेरिका का पिटुफिक स्पेस बेस मौजूद है, जहां मिसाइल चेतावनी, मिसाइल रक्षा और अंतरिक्ष निगरानी से जुड़े कार्य होते हैं। ट्रंप पहले ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की मांग कर चुके हैं, जिसका डेनमार्क और ग्रीनलैंड ने विरोध किया था। अब नई डील के बाद ग्रीनलैंड में अमेरिकी सैन्य भूमिका बढ़ने का रास्ता खुल सकता है, जबकि क्षेत्र की संप्रभुता डेनमार्क के पास ही बनी रहेगी।

# भोपालगढ़ में चेयरमैन चुनाव से पहले हंगामा

### पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राजस्थान के जोधपुर जिले के भोपालगढ़ में नगरपालिका चेयरमैन चुनाव से पहले सियासी माहौल गरमा गया। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल होने के बाद नगरपालिका परिसर के बाहर दो पक्षों के समर्थक आमने–सामने आ गए। देखते ही देखते कहासुनी ने विवाद का रूप ले लिया और मामला धक्का–मुक्की तथा हाथापाई तक पहुंच गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर मौजूद पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने भीड़ को हटाकर हालात पर काबू पाया।

अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए बुधवार को कुल पांच उम्मीदवारों ने छह नामांकन पत्र दाखिल किए। कांग्रेस खेमे से जमना जेपी देवड़ा, नारायणराम जाखड़, शिवकरण सैनी और रामदीन देवड़ा ने नामांकन दाखिल किया। वहीं नारायणराम जाखड़ ने निर्दलीय




उम्मीदवार के तौर पर भी नामांकन पत्र पेश किया। भाजपा की ओर से देवेश चौधरी ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद देर शाम दोनों प्रमुख दलों ने अपने अधिकृत प्रत्याशियों के नाम घोषित किए। कांग्रेस ने जमना जेपी देवड़ा को अपना अधिकृत उम्मीदवार बनाया, जबकि भाजपा ने देवेश चौधरी को प्रत्याशी घोषित किया।


नामांकन के दौरान नगरपालिका परिसर के बाहर दोनों दलों के समर्थकों की बड़ी संख्या में भीड़ जमा थी। समर्थक अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। इसी दौरान पार्षद शोभादेवी के बेटे मनोहर मेघवाल को अपने पक्ष में करने को लेकर दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच विवाद शुरू हो गया। पहले दोनों पक्षों में तीखी कहासुनी हुई और बाद में मामला धक्का–मुक्की और हाथापाई तक पहुंच गया। इससे मौके पर तनाव बढ़ गया और पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

स्थिति को देखते हुए सीओ गुलाबाराम और सीआई राजूराम बामनिया के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। पुलिसकर्मियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया और लोगों को वहां से हटाया। इसके बाद कांग्रेस खेमे के पार्षदों को पुलिस सुरक्षा घेरे में नगरपालिका परिसर से बाहर निकाला गया। पुलिस की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित किया गया।

चेयरमैन चुनाव से ठीक पहले सामने आए इस घटनाक्रम के बाद भोपालगढ़ की स्थानीय राजनीति में हलचल बढ़ गई है। अब सभी की नजरें अध्यक्ष पद के चुनाव पर टिकी हैं। खास तौर पर पार्षदों के समर्थन को लेकर दोनों प्रमुख राजनीतिक खेमों की रणनीति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हाल ही में राजस्थान में नगर निकाय चुनाव संपन्न हुए हैं, जिनमें बीजेपी की जीत के बाद राज्य की स्थानीय राजनीति में भी गतिविधियां बढ़ी हैं। ऐसे में भोपालगढ़ नगरपालिका चेयरमैन चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी और बढ़ गई है।

## एआई की गलती से टल गई अमेरिका–चीन की जंग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की एक गलत रिपोर्ट ने अमेरिका और चीन को संभावित सैन्य टकराव के बेहद करीब पहुंचा दिया था। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल वसंत में पश्चिम एशिया में मौजूद एक चीनी जहाज को लेकर अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के बीच खुफिया रिपोर्ट प्रसारित हुई थी। इसमें दावा किया गया था कि जहाज पर परमाणु हथियार कार्यक्रम से जुड़ी सामग्री मौजूद है। रिपोर्ट के बाद अमेरिकी सेना ने जहाज को रोकने और उसकी जांच करने की तैयारी शुरू कर दी। सीएनएन से बात करने वाले सूत्रों के मुताबिक, कुछ हथियारबंद अमेरिकी सैनिक जहाज पर चढ़ने की तैयारी कर रहे थे, जबकि अमेरिकी सैन्य विमान भी कार्रवाई के लिए हवा में पहुंच चुके थे। हालांकि, अंतिम समय में अधिकारियों ने खुफिया जानकारी की दोबारा जांच की और रिपोर्ट में गंभीर गलती का पता चला। बताया गया कि एक अमेरिकी विश्लेषक ने जहाज में मौजूद सामान की जानकारी



समझने के लिए एआई चैटबॉट की मदद ली थी। चैटबॉट ने सामान की गलत पहचान कर दी और इसी निष्कर्ष को आधिकारिक खुफिया रिपोर्ट में शामिल कर दिया गया। रिपोर्ट के एक सूत्र ने इसे पूरी तरह गलत बताते हुए कहा कि सैन्य कार्रवाई होती तो दोनों देशों के बीच तनाव गंभीर रूप ले सकता था। इस घटना ने युद्ध और खुफिया अभियानों में एआई के इस्तेमाल को लेकर चिंता बढ़ा दी है। अमेरिकी सेना तेजी से एआई को खुफिया विश्लेषण और सैन्य फैसलों में शामिल कर रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसी तकनीक से काम तेज हो सकता है, लेकिन गलत जानकारी को बिना मानवीय जांच के इस्तेमाल करना गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है।


बरसाना में राधाष्टमी पर जगमगाता कीर्ति मंदिर।

# राधाष्टमी पर डीएम–एसएसपी ने परखी व्यवस्थाएं

## सीसीटीवी से श्रद्धालुओं की भीड़ देखी, सुविधाओं का लिया जायजा

**यूनिक समय, बरसाना।** श्री राधाष्टमी पर्व के मद्देनजर डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने मंदिर को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों, गलियों और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम पहुंचकर श्रद्धालुओं की संख्या और भीड़ की स्थिति का जायजा लिया। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं, सुरक्षा व्यवस्था, साफ–सफाई, पेयजल और भंडारे सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।


शनिवार को राधाष्टमी पर बरसाना में व्यवस्थाओं को देखते डीएम चंद्रप्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार।

अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने कहा कि राधाष्टमी पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं को सरल, सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित दर्शन उपलब्ध कराने के लिए पुलिस–प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों ने आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।




## अवैध तमंचे और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जमुनापार पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। रोशन विहार कॉलोनी के पीछे खाली स्थान के पास एक संदिग्ध युवक के मौजूद होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर युवक वहां से पैदल जाने लगा, जिस पर पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अभिषेक निवासी रोशन विहार थाना जमुनापार मथुरा, स्थायी निवासी ग्राम भरऊ थाना राया, मथुरा बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

## मारपीट में पुजारी घायल मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, वृंदावन।** प्रेम महाविद्यालय के पास सुदामा कुटी की ओर जा रहे पुजारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 14 सितंबर की रात करीब 8:45 बजे की बताई गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गौरव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिकी के अनुसार, राधारमण मंदिर निवासी मुकुंद कांत गोस्वामी अपनी स्कूटी से घर लौट रहे थे। प्रेम महाविद्यालय के पास अंधेरा होने के कारण सड़क किनारे बंधी एक चीज से उनकी स्कूटी का पहिया टकरा गया। इसी बात को लेकर पास में चाय–खाद्य सामग्री की दुकान लगाने वाला गौरव आक्रोशित हो गया और उनके साथ गाली–गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर गौरव ने मुकुंद कांत को जमीन पर पटककर मारपीट की और उनकी स्कूटी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित को टेंपो चालक की मदद से रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच में कूल्हे की हड्डी में फ्रैक्चर पाया गया। चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर उपचार शुरू किया।

# भाजपा की बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर मंथन


भाजपा ब्रज क्षेत्र की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी ब्रज क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यसमिति और जिलाध्यक्षों की संगठनात्मक बैठक शनिवार को शहर के एक स्थानीय होटल में हुई। चार सत्रों में आयोजित बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों और संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सक्रिय, मजबूत बनाने पर मंथन किया गया।

बैठक का शुभारंभ संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, ब्रज क्षेत्र प्रभारी-महामंत्री गीता शाक्य, ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरन सिंह लोधी, प्रदेश महामंत्री विधायक राजेश चौधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव और जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संगठन महामंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की ताकत हैं। संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आपसी समन्वय से होती है। तीसरे सत्र में मथुरा महानगर और जिले के सभी मंडल अध्यक्षों से संवाद किया गया। चौथे सत्र में जनपद की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के पूर्व पदाधिकारियों के साथ विचार–विमर्श हुआ। ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की मजबूती में प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में संजीव शर्मा,महानगर जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा,विधायक, जिला-महानगर अध्यक्ष, सभी मंडल अध्यक्ष और पूर्व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## छप्पन भोग के साथ स्वामी हरिदास आविर्भाव महोत्सव का समापन

**यूनिक समय, वृंदावन।** पंचकोसीय परिक्रमा मार्ग स्थित राधा प्रसाद धाम में आयोजित स्वामी हरिदास के सप्त दिवसीय 546वें आविर्भाव महोत्सव का शनिवार को भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन ठाकुरजी को छप्पन भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को दर्शन कराए गए। उत्तर प्रदेश सरकार के होमगार्ड-कारागार राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कार्यक्रम में पहुंचकर महाभिषेक में सहभागिता की और पूजा–अर्चना की। उन्होंने स्वामी हरिदास की भक्ति, संगीत साधना और आध्यात्मिक विरासत को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर भजन–कीर्तन और हरिनाम संकीर्तन से गूंजता रहा।

# एचपी ने लॉन्च किया 10 किलो का हल्का नव्या एलपीजी सिलेंडर



नव्या एलपीजी सिलेंडर के नए कनेक्शन का शुभारंभ करते विधायक डॉ. जीएस धर्मेश।

### फाइबर से बना है सिलेंडर, आग लगने पर फटने के बजाय सुरक्षित रूप से पिघलने का दावा

**यूनिक समय, आगरा।** हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10 किलोग्राम क्षमता वाला हल्का कंपोजिट एलपीजी सिलेंडर 'एचपी नव्या' लॉन्च किया है। शुक्रवार को डिफेंस कॉलोनी स्थित भगवती गैस एजेंसी पर आगरा छावनी क्षेत्र के विधायक डॉ. जीएस धर्मेश ने नए गैस कनेक्शन का शुभारंभ किया।

एजेंसी संचालक अरूप वर्मा ने बताया कि 'एचपी नव्या' सिलेंडर फाइबर से तैयार किया गया है। पारंपरिक लोहे के सिलेंडर की तुलना में इसका वजन कम है और इसकी पारदर्शिता के कारण गैस की मात्रा का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नए सिलेंडर की एक विशेषता इसकी सुरक्षा से जुड़ी है। कंपनी के अनुसार, आग लगने की स्थिति में यह पारंपरिक धातु सिलेंडर की तरह फटने के बजाय सुरक्षित तरीके से पिघलता है।

इससे उपभोक्ताओं के लिए जोखिम कम होने का दावा किया गया है। एजेंसी पर अन्य उपभोक्ताओं के लिए भी 'एचपी नव्या' सिलेंडर की बुकिंग शुरू कर दी गई है।

## त्योहारों पर मथुरा से राजस्थान के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

**यूनिक समय, मथुरा।** आगामी त्योहारों को देखते हुए यात्रियों की सुविधा और ट्रेनों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने सूबेदारगंज–भगत की कोठी के बीच द्विसाप्ताहिक त्योहार विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 04193/04194 का संचालन 1 अक्टूबर से 1 दिसंबर तक किया जाएगा। ट्रेन का मथुरा जंक्शन पर भी ठहराव रहेगा। गाड़ी संख्या 04193 सूबेदारगंज–भगत की कोठी विशेष ट्रेन प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को सूबेदारगंज से शाम 7:25 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 5:50 बजे मथुरा पहुंचेगी और 5:55 बजे रवाना होगी। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 04194 भगत की कोठी–सूबेदारगंज विशेष ट्रेन प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को भगत की कोठी से रवाना होगी। यह ट्रेन सुबह 8:10 बजे मथुरा पहुंचेगी और 8:15 बजे सूबेदारगंज के लिए रवाना होगी। ट्रेन आगरा कैंट, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, गोवर्धन, डीग, अलवर, जयपुर सहित कई प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी। ट्रेन में कुल 20 एलएचबी कोच लगाए जाएंगे। इनमें एसी तृतीय श्रेणी के सात, स्लीपर के सात और सामान्य श्रेणी के चार कोच शामिल हैं।